घण्टे देते हैं, तो एक सौ गांव के लिए चार-पांच घण्टे ही होगी। मैंने एक सवाल किया या कि बिजली की आपूर्ति कितनी करते हैं ? बताया गया कि 16 घण्टे हैं। घर जाकर हिसाव लगाया तो वही चार-पांच घण्टे निकला। जाहिर बात है कि तरक्की के रास्ते पर जाने वाला मुल्क जिस प्रकार से बिजली के साथ इसकी जिन्दगी मोहताज हो गई है, अगर चार घण्टे बिजली 24 घण्टे में दी जाएगी तो क्या वह जिन्दा रह सकता है ? आप कागजों को पेश करते हैं, रिपोर्टें आती है, मगर मैं अपने क्षेत्र के गावों को देखता हूं कि कितनी देर तक बिजली मिलती है, उनको बिजली नहीं मिलती है। कैरोसिन पहले जितना खर्च होता था, उतना आज भी खर्च हो रहा है। हालात यह है कि पावरलूम, छोटे-छोटे उद्योग, आटा मिल चावल मिल आदि सारे के सारे बन्द हो रहे हैं। यदि किसी-किसी वक्त भोर में बिजली दी जाती है, तो उस वक्त क्या वह रेडियो सुन सकता है, खाना बना सकता है कुट्टी काट सकता है — कुछ नहीं हो सकता है। मेंने कंसलटेटिव कमेटी में एक बात रखी थी कि ज्यादातर इसका ताल्लुक रियासत से है। इसलिए मैंने केन्द्रीय कन्सलटेटिव कमेटी में सुझाव रखा था स्टेट के चेयरमैन को बुलाया जाए कि ताकि हमारी शिकायतों का समाधान ओर सुझावों पर अमल हो सके।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि अभी अभी हमारे यहां फरक्का में सुपर-थर्मल पावर योजना ली गई है। जिसका कोयला ललमटिया से लाया जाएगा जहां कि दस-बारह मील तक कोयला ही कोयला है। गांव के नीचे कोयला है, मस्जिद के नीचे कोयला है, मन्दिर के नीचे कोयला है। आप वहां जमीन एक्वायर कर रहे हैं। जो लोग एक एकड़ से ज्यादा जमीन रखते हैं और देते हैं उनको तो सर्विस मिलती है लेकिन जिन लोगों के पास एक एकड़ से कम जमीन है, ज्यादातर लोग ऐसे ही हैं जिनके पास एक एकड़ से कम जमीन है, उनकी जमीन एक्वायर करने पर आप उन्हें सर्विस नही देते हैं। हमारी यह प्लानिंग है कि गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को हम ऊपर उठायें। आज हम उन लोगों को सर्विस भी नही देते है जिनकी कि जमीन लेते हैं। गवर्नमेंट को इस पालिसी को बदलना चाहिए ताकि उस प्रोजेक्ट में ज्यादा-से-ज्यादा गरीब लोगों को सर्विस मिल सके।

अभी अभी दस वर्ष हो गये उस थरमल का पावर का मन्सूबा बने हुए। वह सुपर थरमल पावर गंगा के किनारे होना चाहिए और जहां से कोयला नजदीक में मिलता हो, वहां होना चाहिए। फरक्का वहां से 150 किलोमीटर है जबकि कहलगांव 30 किलोमीटर है। इसलिए इस थरमल पावर को कहल गांव में ही होना चाहिए ताकि वहां जल्दी से जल्दी कोयला पहुंचाया जा सके। मन्सूवे में हमने देखा है कि इस सुपर थरमल पावर में 22 हजार टन रोजाना कोयला खर्च होगा। अगर यह कहल-गांव में होगा तो हमें 30 किलोमीटर ही कोयला ले जाना पड़ेगा क्योंकि फरक्का 150 किलो-मीटर पर है और अब तक वहां के लिए रेलवे लाइन भी नहीं बिछी है।

हमारे क्षेत्र के लोगों और किसानों में आजकल ना उम्मीदी छाई हुई है। उनको यह उम्मीद हो गयी है कि डी०वी०सी० के जरिये उनको जितनी बिजली दी जाती है वह अब उनकी जरूरत को पूरा नही कर सकेगी। इसलिए वे बिजली मिलने की ना उम्मीदी की वजह से अपने पावरलूम बेच रहे हैं, हीलर बेच रहे हैं और अपने बिजली के कनेक्शन कटवा रहे हैं। उन लोगों ने यह उम्मीद बांध रखी है कि अगर कहलगांव में सुपर थरमल पांवर स्टेशन

बन जाए तभी उन लोगों को बिजली के मामले में राहत मिल सकेगी।

बिजली कम मिलने का कारण क्या है ? बिजली कार्पोरेशन इसलिए बिजली नहीं दे पाते है बिजली का खर्चा तो पहले वर्षों के मुकाबले में बहुत बढ़ गया है लेकिन ऐसा है कि हांडी में चावल उतने ही हैं जितने कि पहले थे लेकिन दावत बहुत लोगों को दे दी है, बहुत जगह दावत दे रखी है। चावल हमने बढ़ाये नहीं। खुलासा यह है कि मुल्क में बिजलीकरण बहुत हो गया है। लेकिन बिजली हम उतनी ही सप्लाई करते हैं जितनी कि पहले सप्लाई करते थे। किसी इलाके में चार घण्टे बिजली दी, फिर उसे छोड़ दिया। फिर दूसरे इलाके को चार घंटे बिजलीं दी, फिर उसे छोड़ दिया। जब हम सवाल पूछते हैं तो कह दिया जाता है कि हम 16 घंटे बिजली देते हैं। जबकि बिजली केवल चार घंटे ही मिलती है। लोगों ने बिजली से चलने वाले सामान बहुत खरीद लिये हैं।

16.00 hrs.

मगर आप बिजली नहीं दे पाते हैं, पावर लूम एवं अन्य लघु उद्योगों के लिये बिजली नहीं दे सकते हैं। जब हम पूछते हैं तो कहा जाता है कि 16 घंटे बिजली मिल रही है, मगर वाकई में 4 घंटे ही मिलती है। मैंने बहुत छानबीन, की डी०वी०सी० आदि जगह पूछा तो पता चला कि 4 घंटे इस इलाके को देते हैं, 4 घंटे उस इलाके को देते हैं, 4 घंटा बिजली किसी ओर इलाके को देते है। इस तरह से 16 घंटे हो गये। लेकिन एक इलाके को तो केवल 4 घंटे ही मिली, उससे हम कैसे तरक्की कर सकेंगे ? यह सारी बातें श्री चन्द्र शेखर सिह ऊर्जा मंत्री समक्ष कह रहा हूं अब मुझे उम्मीद हैं कि इनके मंत्री मंडल में आने से कुछ उम्मीद की झलक आने लगी है। जब मुझे पता चला कि कहल गांव थर्मल पावर स्टेशन में कुछ दिक्कते आ रही हैं तो मैंने श्री चन्द्र शेखर सिंह से बातें की। उन्होंने मुझे उम्मीद दिलाई है कि कहलगांव भी होगा और फरक्का भी होगा मैं चाहूंगा कि जब वह बहस का जवाब दें तो इस बारे में जरूर आश्वासन दें। जब तक राजमहल लालमटिया से लेकर फरक्का तक रेलवे लाईन नहीं बनेगी तब तक पावर स्टेशन कैसे बनेगा ? अभी तक सर्वे ही हो रहा है, और जहां मीलों मील जमीन के नीचे कोयला है उसको एक्वायर नहीं किया गया है अगर देर हो गई तो सत्यानाश हो जायगा, उम्मीद और सब्र का पैमाना लबरेज हो जायगा इसलिये मैं श्री चन्द्रशेखर बाबू से अपील करूंगा जिस तरह बिजली तेज है उसी तेजी से वह काम करें और अपने कर्मचारियों को भी तेज बनायें। इन्हीं लफ्जों के साथ मुहाल बैजर की ताईद करता हूं।

شری ثمین الدین (گوڑہ)

سبھاپتی مہودے۔ آزادی سے پہلے بجلی کی حیثیت جو بھی رہی ہو لیکن آج اس دور میں جبکہ ہم ترقی کے راستے پر ہیں بجلی کی ضرورت اتنی بڑھ گئی ہے کہ جنتا کی زندگی بجلی کے ساتھ محتاج ہوگئی ہے۔

کھانے پکانے کا کام ریڈیو سننے کا کام، سواری کا کام پنکھے کا کام، چھوٹے ادھیوگ چلانے کا کام۔ غرض یہ کہ زندگی کی ساری صورتیں بجلی کیساتھ وابستہ ہوگئی ہیں اب توحالت یہ ہے کہ ہمارے لیئے بجلی وہی حیثیت رکھتی ہے جس طرح سے ہمارے جسم میں رگیں اور اس میں خون۔ جسم زندہ نہیں رہ سکتا جب تک کہ رگیں نہ ہوں اور رگوں میں خون نہ ہو۔ اس طرح سے ہم نے سارا انتظام آج بجلی کے ڈھنگ پر اپنے دیش میں اپنا لیا ہے اس لیے کہ دیش ترقی کے

گھر جاکر حساب لگایا تو وہی چار پانچ گھنٹے نکلے ظاہر بات ہے کہ ترقی کے راستے پر جانے والا ملک جس پرکار سے بجلی کے ساتھ اس کی زندگی محتاج ہوگئی ہے اگر چار گھنٹے بجلی ۲۴ گھنٹے میں دی جائے گی تو کیا وہ زندہ رہ سکتا ہے۔ آپ کاغذوں کو پیش کرتے ہیں۔ رپورٹ آتی ہے مگر میں اپنے چھپیتر کے گاؤں کو دیکھتا ہوں کہ کتنی دیر تک بجلی ملتی ہے۔ ان کو بجلی نہیں ملتی ہے۔ کیروسین پہلے جتنا خرچ ہوتا تھا اتنا آج بھی خرچ ہو رہا ہے حالت یہ ہے کہ پاور لوم چھوٹے چھوٹے ادھیوگ آٹا مل، چاول مل آدی سارے کے سارے بند ہو رہے ہیں۔ یدی کسی وقت بھور میں بجلی دی جاتی ہے تو اس وقت کیا وہ ریڈیو سن سکتا ہے کھانا بنا سکتا ہے۔ کٹی کاٹ سکتا ہے۔ کچھ نہیں ہو سکتا ہے۔ میں نے کنسلٹیٹو کمیٹی میں ایک بات رکھی تھی کہ زیادہ تر اس کا تعلق ریاست سے ہے۔ اس لیے میں نے کینڈریہ کنسلٹیٹو کمیٹی میں سجھاؤ رکھا تھا کہ سٹیٹ کے چیرمین کو بلایا جائے تاکہ ہماری شکایتوں کا سمادھان اور سجھاؤں پر عمل ہو سکے۔

میں آپ کو بتانا چاہتا ہوں کہ ابھی ابھی ہمارے یہاں فرکا میں سپر تھرمل پاور یوجنا لی گئی ہے۔ جس کا کوئلہ للمٹیا سے لایا جائے گا۔ جہاں کہ دس بارہ میلوں تک کوئلہ ہی کوئلہ ہے گاؤں کے نیچے کوئلہ ہے، مسجد کے نیچے کوئلہ ہے مندر کے نیچے کوئلہ ہے۔ آپ وہاں زمین ایکوائر کر رہے ہیں جو لوگ ایک ایکڑ سے زیادہ زمین راستے پر ہے۔ حالت یہ ہے کہ بجلی کی بہت زیادہ کمی ہے۔ ظاہر بات ہے کہ کسی انسان کی رگوں میں خون نہ دوڑتا ہو تو وہ کتنی دیر تک زندہ رہے گا۔ اس کی زندگی موت میں بدل جائے گی۔ مجھے تو ایسا لگتا ہے کہ ہمارے بجلی وبھاگ کے کرمچاری اتنے سست ہیں جتنی کہ بجلی تیز ہوتی ہے۔ میں کمیٹی کا ممبر ہوں۔ میں برابر اس موٹی سی بات کو کمیٹی کے سامنے رکھتا ہوں کہ میرے اپنے چھپیتر میں جگہ جگہ ہزاروں ہزار ٹرانسفارمر رکھے ہوئے ہیں جو کہ سڑ رہے ہیں اور سرکار کی سمپتی برباد ہو رہی ہے۔ باوجود اس بات کے ۱۹۸۰ء سے ۱۹۸۳ء تک ایک بھی ٹرانسفارمر کو نہیں اٹھایا گیا ہے۔ جب ٹرانسفارمر کو نہیں اٹھا سکتے ہیں تو بجلی کہاں سے دے سکے گی۔ لاکھوں کروڑوں کی سمپتی ہماری برباد ہو رہی ہے۔

صورت حال یہ ہے کہ ڈی بی سی سنتھال پرگنہ میں ہے لیکن سنتھال پرگنہ بہار کو ۲۳ پرتشت بجلی ملتی ہے اور باقی ۷۷ فیصد بنگال کو چلی جاتی ہے۔

۲۳ پرسینٹ میں پہلے بجلی کی حالت اس لیے اچھی تھی کہ بہت سے گاؤں میں بجلی کرن نہیں ہوا تھا۔ مگر چھٹی پنچ ورشیہ یوجناؤں پر کھنڈ کا پر کھنڈ سب ڈویژن کے سب ڈویژن ہر جگہ کھونٹے گاڑے گئے ہیں اور ہر جگہ بجلی دی جا رہی ہے لیکن پاور اتنی ہی ہے۔ ظاہر بات ہے کہ پاور آپ کو ایک سو گاؤں میں دینے کی کھشمتا ہو اور تین سو گاؤں میں آپ بجلی لگا دیں اور ٹوٹل کہیں کہ ۱۰ گھنٹے دیتے ہیں تو ایک سو گاؤں کے لیے چار پانچ گھنٹے ہی ہوگی۔ میں نے ایک سوال کیا تھا کہ بجلی کی آپورتی کتنی کرتے ہیں بتایا گیا کہ ۱۰ گھنٹے ہیں۔

ہمارے چھتیر کے لوگوں اور کسانوں میں آج کل ناامیدی چھائی ہوئے ہے۔ ان کو یہ امید ہوگئی ہے کہ ڈی وی سی کے ذریعہ سے ان کو جتنی بجلی دی جاتی ہے وہ اب ان کی ضرورت کو پوری نہیں کرسکے گی۔ اس لیے وہ بجلی ملیں ملنے کی ناامیدی کی وجہ سے اپنے پاور لوم بیچ رہے ہیں۔ ہالر بیچ رہے ہیں اور اپنے بجلی کنکشن کاٹ رہے ہیں۔ ان لوگوں نے یہ امید باندھ رکھی ہے کہ اگر کھل گاؤں میں سپر تھرمل پاور اسٹیشن بن جائے تبھی ان لوگوں کو بجلی کے معاملے میں راحت مل سکے گی۔

بجلی کم ملنے کا کارن کیا ہے۔ بجلی کا رپورشن اس لیے بجلی نہیں دے پاتے ہیں۔ بجلی کا خرچہ تو پہلے ورش کے مقابلے میں بہت بڑھ گیا ہے لیکن ایسا ہے کہ ہانڈی میں چاول اتنے ہی ہیں۔ جتنے کہ پہلے تھے۔ لیکن دعوت بہت لوگوں کو دے دی ہے بہت جگہ دعوت دے رکھی ہے۔ چاول ہم نے بڑھائے نہیں۔ خلاصہ یہ ہے کہ ملک میں بجلی کرن بہت ہوگیا ہے۔ لیکن بجلی ہم اتنی ہی سپلائی کرتے ہیں جتنی کہ پہلے سپلائی کرتے تھے۔ کسی علاقے میں چار گھنٹے بجلی دی پھر اسے چھوڑ دیا۔ پھر دوسرے علاقے کو چار گھنٹے بجلی دی پھر اسے چھوڑ دیا۔ جب ہم سوال پوچھتے ہیں تو کہہ دیا جاتا ہے کہ ہم ۱۶ گھنٹے بجلی دیتے ہیں اور دیتے ہیں انکو تو سروس ملتی ہے لیکن جن لوگوں کے پاس ایک ایکڑ سے کم زمین ہے زیادہ تر لوگ ایسے ہی ہیں جن کے پاس ایک ایکڑ سے کم زمین ہے ان کی زمین ایکوائر کرنے پر آپ انہیں سروس نہیں دیتے ہیں۔ ہماری یہ پلاننگ ہے کہ غریبی کی ریکھا سے نیچے رہنے والے لوگوں کو ہم اوپر اٹھائیں۔ آج ہم ان لوگوں کو سروس بھی نہیں دیتے ہیں جن کی کہ زمین لیتے ہیں۔ گورنمنٹ کو اس پالیسی کو بدلنا چاہئے تاکہ اس پروجیکٹ میں زیادہ سے زیادہ غریب لوگوں کو سروس مل سکے۔

ابھی ابھی دس ورش ہوگئے اس تھرمل پاور کا منصوبہ ہے وہ سپر تھرمل پاور گنگا کے کنارے ہونا چاہئے اور جہاں سے کوئلہ نزدیک میں ملتا۔ وہاں ہونا چاہئے۔ فرکا وہاں سے ۱۵۰ کلومیٹر ہے جبکہ کہل گاؤں ۳۰ کلومیٹر ہے۔ اس لیے اس تھرمل پاور کو کہل گاؤں میں ہی ہونا چاہئے تاکہ وہاں جلدی سے جلدی کوئلہ پہنچایا جاسکے منصوبے میں ہم نے دیکھا ہے کہ اس سپر تھرمل پاور میں ۲۲ ہزار ٹن روزانہ کوئلہ خرچ ہوگا۔ اگر یہ کہل گاؤں میں ہوگا تو ہمیں ۳۰ کلومیٹر ہی کوئلہ لے جانا پڑے گا کیونکہ فرکا ۱۵۰ کلومیٹر پر ہے اور جب تک وہاں کے لیے ریلوے لائن بھی نہیں بچھی ہے۔

نہیں کیا گیا۔ اگر دیر ہو گئی تو ستیاناس ہو جائے گا امید اور صبر کا پیمانہ لبریز ہو جائے گا۔ اس لیے میں شری چندر شیکھر بابو سے اپیل کروں گا کہ جس طرح بجلی تیز ہے اسی تیزی سے وہ کام کریں اور اپنے کرمچاریوں کو بھی تیز بنائیں۔ انہی لفظوں کے ساتھ مہال بیجر کی تائید کرتا ہوں۔

श्री राम प्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने इस विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया। यह बात सही है कि बिजली विकास का मेरूदंड है। जब तक बिजली का उत्पादन नही होगा तब तक किसी भी देश की अर्थ-व्यवस्था का सुधार नही हो सकता, चाहे औद्योगिक उत्पादन हो या कृषि उत्पादन हो। मुझे प्रसन्नता है कि 1980 के बाद जिस प्रकार से बिजली के उत्पादन में वृद्धि हुई है, चाहे कोयला हो, पैट्रोलियम हो या और कोई ऐनर्जी सोर्स हो, उससे हमें गर्व है और मंत्रालय तथा इसके अधिकारियों पर भी गर्व है जिनके सतत् प्रयास से उत्पादन बढ़ा है। यह हम केवल हाऊस में ही नहीं कहते बल्कि विभिन्न अवसरों पर बिजली और कोयले के उत्पादन का जिक्र आता है तो भी कहते हैं।

16.04 hrs.

[SHRI F. H. MOHSIN *in the chair*]

आपने बड़े विस्तार से बताया कि पिछले 30 साल से हमारे क्या लक्ष्य रहे हैं और क्या बिजली का उत्पादन किया है। मैं उसकी डीटेल्स में नहीं जाना चाहता, लेकिन बिजली के बारे में कहना चाहता हूं कि हमें बुनियादी परिवर्तन करने पड़ेंगे यदि हमें लक्ष्य तक पहुंचना है। यही नहीं यहां भी और सदन के बाहर भी बिजली के बारे में अखबारों में कहा जाता है कि

ہیں۔ جبکہ بجلی کیوں چار گھنٹے ہی ملتی ہے۔ لوگوں نے بجلی سے چلنے والے سامان بہت خرید لیے ہیں۔ مگر آپ بجلی نہیں دے پاتے ہیں پاور لوم ایوم انیہ لگھوادیوگ کے لیے بجلی نہیں دے سکتے ہیں۔ جب ہم پوچھتے ہیں تو کہا جاتا ہے کہ ۱۶ گھنٹے بجلی مل رہی ہے مگر کیا واقعی میں ۴ گھنٹے ہی ملتی ہے۔ میں نے بہت چھان بین کی ڈی وی سی آدی جگہ پوچھا تو پتا چلا کہ ۴ گھنٹے اس علاقے کو دیتے ہیں، ۴ گھنٹے اس علاقے کو دیتے ہیں ۴ گھنٹے کسی اور علاقے کو دیتے ہیں۔ اس طرح سے ۱۶ گھنٹے ہو گئے۔ لیکن اس علاقے کو تو کیوں ۴ گھنٹے ہی ملی اس سے ہم کیسے ترقی کر سکیں گے۔ یہ ساری باتیں شری چندر شیکھر سنگھ کے ارجامنتری کے سمکش کہہ رہا ہوں۔ اب مجھے امید ہے کہ ان کے منتری منڈل آنے سے کچھ امید کی جھلک آنے لگی ہے۔ جب مجھے پتا چلا کہ کہل گاؤں تھرمل پاور اسٹیشن میں کچھ دقتیں آرہی ہیں تو میں نے شری چندر شیکھر سنگھ بابو سے باتیں کی۔ انہوں نے مجھے امید دلائی ہے کہ کہل گاؤں بھی ہوگا اور فرکا بھی ہوگا۔ میں چاہوں گا کہ جب وہ بحث کا جواب دیں تو اس بارے میں ضرور آشواسن دیں۔ جب تک راج محل لال مٹیا سے لیکر فرکا تک ریلوے لائن نہیں بنے گی تب تک پاور اسٹیشن کیسے بنے گا۔ ابھی تک سروے ہی ہو رہا ہے اور جہاں میلوں میل زمین کے نیچے کوئلہ ہے اس کو ایکوائر

इलैक्ट्रिसिटी बोर्डस सफेद हाथी हो गये हैं, ठीक है आप यह कहते हैं कि···

सफेद हाथी कहने के पूर्व, बिजली बोर्डों की क्या दिक्कत है, यह भी हमें सोचना चाहिये। इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड विभिन्न राज्यों के हाथों में है। कन्सल्टेटिव कमेटी का मेम्बर होने के नाते मुझे अनुभव है, खासतौर से मैं उत्तर प्रदेश के बारे में बतलाना चाहता हूं कि धन के अभाव के कारण जो बिजली की संचालन व्यवस्था है, कैपेसिटी है, उसको भी हम यूटिलाइज नही कर पा रहे हैं।

इसमें 3,4 बातों की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। बोर्ड में धन का अभाव, व्याप्त अनुशासनहीनता और मिस-मैनेजमैंट कैसे दूर हो। बोर्ड में धनराशि की समस्या बोर्ड के ही कारण है। बोर्ड जो विभिन्न क्षेत्रों में हैं, चाहे एग्रीकल्चर का क्षेत्र हो या और बहुत से क्षेत्र हो सकते हैं, जिसमें हम सब्सीडाइज्ड बिजली देते हैं, उससे जो पावर बोर्ड को घाटा होता है, उसे विभिन्न सरकारें समय से पूरा नहीं करती हैं जब कि सैंट्रल गवर्नमैंट का क्लीयर डायरेक्टिव है कि किसानों को बिजली देने के कारण, या जिन सैक्टरों में सब्सीडाइज्ड बिजली देते हैं उसके कारण जो घाटा हो उसे राज्य सरकारें पूरा करें। आज उत्पादन का उत्तर प्रदेश में 42 पैसे है उसमें बैंक का सूद और जोड़ दे तो 20 पैसे और तो इस तरह से 62,63 पैसे प्रति यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। यह कमोवेश करीब-करीब सभी राज्यों में है, यह बात सही है।

हम एन टी पी सी और सेंटर के मंत्री जी को बधाई देते हैं कि वहां हम सस्ती बिजली पैदा कर रहे हैं। यह खुशी की बात है। आज हमें यह विचार करना पड़ेगा कि जो बोर्ड की भावना हैं, जो धन राशि सरकार से उसे लेनी है क्या वह बिना दिये हम उस पर दोष लगा सकते हैं? जो सरकार के विभाग हैं, जैसे जल निगम, म्युनिसिपल कारपोरेशन, म्युनिसिपल बोर्ड हैं, उनकी गवर्नमेंट सैक्टर की बहुत योजनाएं हैं, उन पर करोड़ों रूपये इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड का बकाया है, तो इस कमी को दूर करना बहुत जरूरी है। इसके लिये कोई ऐसा सिस्टम हवाल्व करें कि बिजली देने से बोर्ड को जो घाटा होता है, वह पूरा करें। जैसे एन टी पी सी ने एक सिस्टम तैयार किया है, हमारे क्षेत्र सिंगरौली में पावर हाउस बना है, वहां भर्ती का एक सिस्टम है कि जितने मेगावाट बिजली बनेगी, उसके हिसाब से भर्ती होगी। दूसरी जगह आज ओवर एम्पलायमेंट है। इस पर कितना पैसा खर्च हो रहा है? इस पर भी विचार करना होगा।

हमारे अनुशासन के 3 सैक्शन हैं। एक इंजीनियर है, दूसरे जूनियर इंजीनियर हैं और तीसरे वर्कर हैं। आज इन तीनों में तालमेल नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि तीनों जो वर्किंग क्लास है इनमें समन्वय स्थापित करने के लिये केन्द्रीय स्तर पर एक बैठक की जाये और हिन्दुस्तान के सारे इलैक्ट्रिसिटी बोर्डों के आपस के सम्बन्ध अच्छे हों। सम्बन्ध अच्छे न होने के कारण जब इंजीनियर लोग हड़ताल करते हैं तो जूनियर इंजीनियर कभी-कभी सहयोग करते हैं और जब जूनियर इंजीनियर करते हैं तो वर्कर करते हैं। कभी-कभी तीनों में आपस में मेल नहीं होता है। बिजली के उत्पादन में जो लोग लगे हुए हैं उनमें समन्वय होना चाहिये जिससे उत्पादन में कठिनाई न हो।

मिस-मैनेजमेंट का मेरा मतलब केवल यह हैं कि जो व्यवस्था है जैसे एन टी पी सी का उदाहरण दिया, आज जरूरत है कि हम

व्यवस्थित ढंग से काम करें। जैसे कोयले की जरूरत है, स्पेयर पार्टस की जरूरत है वह देना चाहिये। आज बी एच ई एल की हम तारीफ करते हैं कि उसने बहुत अच्छा काम किया है। क्या यह सही नहीं है कि विभिन्न इलैक्ट्रिसिटी बोर्डों को स्पेयर पार्टस और आवश्यक उपकरण हम समय पर नहीं दे पाते हैं ?

इस समय उनका अभाव नही है, लेकिन इसके बावजूद टैकनिकल आदमी खराबी वाली, जगह पर नहीं पहुंच पाते हैं।

सैंट्रल इलैक्ट्रिसिटी अथारिटी ने देश में बहुत अच्छा काम किया है, जिसके लिए हम उसको धन्यवाद दिए बगैर नहीं रह सकते। राज्यों के पास संसाधन नहीं हैं, लेकिन उनकी परियोजनाओं कों तेजी से टेकनिकल स्वीकृति दे दी जाती है। जैसे, उत्तर प्रदेश में हिमालयन रेंज की नदियों से सम्बन्धित हाइडल प्राजेक्ट्स के अलावा थर्मल प्राजेक्ट्स को भी क्लीयर कर दिया गया है, हालांकि उनके लिए राज्य के पास पैसा नहीं है। वह समय पर योजनाओं को मानिटर करके क्लीयर कर देता है, लेकिन इस बारे में दिक्कत यह है कि यह स्टेट सबजेक्ट है। इलैक्ट्रिसिटी सप्लाई एक्ट, 1943 और इलैक्ट्रिसिटी एक्ट, 1940 में संशोधन करने की बात बरसों से चल रही है। इस बारे में शीघ्र कार्यवाही करनी चाहिए। जैसा कि श्री जैनुल बशर ने कहा है, जब तक इसको एक केन्द्रीय सबजेक्ट नहीं बनाया जाता, तब तक बिजली के उत्पादन में तेजी नही लाई जा सकती, जिसके कारण एग्रीकल्चर तथा उद्योग में प्रगति और 20-पायंट प्रोग्राम को कार्यान्वित करना कदापि सम्भव नहीं होगा। इस बारे में श्री राजाध्यक्ष ने बहुत से सुझाव दिए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कार्यान्वित नहीं किया गया है।

हमारे देश में मिश्रित अर्थ-व्यवस्था है। सरकार प्राईवेट सैक्टर वालों को कैप्टिव पावर हाउस लगाने की इजाजत क्यों नहीं देती ? उत्तर प्रदेश में हिन्दुस्तान एलुमिनियम कार्पोरेशन को 85 मैगावाट बिजली चाहिए, जबकि उन्हें केवल 20 मेगावाट दी जा रही है। 67-1/2 मेगावाट के दो यूनिट लगाना चाहते है। शायद सरकार उनसे नाराज़ है, क्योंकि उन पर कुछ पैसा बकाया है और वे कोर्ट में गए हुए हैं। में समझता हूं कि इसकी वजह से देश के विकास को नहीं रोकना चाहिए। खास-तौर से प्राईवेट सैक्टर के उन प्रतिष्ठानों को पावर हाउस लगाने की इजाज़त देनी चाहिए, जो स्वयं पैसे की व्यवस्था कर सकते हों और इंस्टीट्यूशनल फिनांस पर निर्भर न हों।

सारे हिन्दुस्तान में इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड चलाने का एक यूनिफार्म सिस्टम है, लेकिन उत्तर प्रदेश में एक निगम बना दिया गया है। उससे वहां के इंजीनियरों में असंतोष है, क्योंकि उनके प्रोमोशन के चांसिज़ खत्म हो गए हैं। इसके अलावा निगम अपने काम में भी सफल नहीं रहा है। इसलिए केन्द्रीय सरकार को डायरेक्टिव देना चाहिए कि इलैक्ट्रिसिटी सप्लाई एक्ट के अन्तर्गत बोर्ड बनाया जाए। अगर डीसेंट्रलाइजेशन के लिए आवश्यक हो तो डिविज़नल लैवल पर बोर्ड बना दिए जाएं, लेकिन निगम बना कर इंजीनियर्ज में असंतोष पैदा करने से कोई फायदा नहीं है।

एन टी पी सी द्वारा ब्यूरो पब्लिक एन्टर-प्राइज़िज़ के माध्यम से वेतन तय किए जाते हैं। सरकार को सारे देश के इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड्ज के लिए एक निश्चित वेतन-नीति निर्धारित करनी चाहिए। अलग अलग निगमों बोर्डो में अलग अलग वेतन-दर रखने से काम नही चलेगा। इन्जीनियर्ज के असंतोष को दूर करने के लिए सारे हिन्दुस्तान के लिए एक ही सिस्टम ईवाल्व करना चाहिए।

सहां तक गांवों में बिजली पहुंचाने का सम्बन्ध है, पिछले वर्ष इंडियन फारेस्ट एक्ट में संशोधन होने के कारण सी ई सी के काम में बड़ी बाधा उत्पन्न हो रही है। उत्तर प्रदेश, बिहार और उड़ीसा में जंगल विभाग अपने क्षेत्र से बिजली की लाइन नही जाने देते।

हमारे क्षेत्र में, हमारे जिले में पावर हाउस लगाने की बात है लेकिन जो लिंकेज आपको करना होता है वह आपने नहीं किया। कोयले में आपने लिंकेज क्यों नहीं किया ? एन टी पी सी उत्तर प्रदेश में पावर हाउस लगाना चाहता है। मिर्जापुर में गंगा नदी के किनारे मोहनपुर नामक स्थान है। पूजनीय पंडित जी यहां पर बैठे हुए हैं, एक स्लीपर का कारखाना वहां पर लगाना चाहते थे, लेकिन वह नहीं बन सका। वह ज़मीन पड़ी है। उत्तर प्रदेश की सरकार वह ज़मीन मुफ्त में देने के लिए तैयार है। वहां पर कोयला भी है और मेन लाइन पर भी है। तो इस तरह से आपकी ऐसी प्लानिंग होनी चाहिए कि ट्रांसपोर्ट वगैरहा की जो समस्यायें पदा हो जाती हैं वह न होने पायें।

जहां तक कोयले का प्रश्न है, मैं फिर निवेदन करना चाहता हूं कि कोयला विभाग के लोगों ने लक्ष्य से आगे उत्पादन किया है। वैगनों के मामले में दिक्कतें होती हैं। हालांकि काफी वैगन्स दिए जा रहे हैं लेकिन कमियां है। कोलरीज़ पर जितना उत्पादन किया जाना है, उससे ज्यादा का स्टाक पहले से पड़ा है। इसलिए आप रेलवे से ज्यादा कोआर्डिनेशन करें। बिजपुर सुपर थर्मल पावर स्टेशन के लिए कहा हैं लेकिन 80 रूपए पर टन से अधिक पर उत्पादन हो रहा है यानि हानि हो रही है। ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे कि नुकसान हो।

इसके अलावा कोयले के सम्बन्ध में मेरा आपसे अनुरोध है कि इसकी व्यवस्था को आप और डिसेन्ट्रलाइज करें, पांच की जगह पर और ज्यादा डिवीज़न्स बनायें। सी सी एल को तीन डिवीज़न्स और देने चाहिएं — सिगरौली में और दो अन्य जगहों पर, इससे उत्पादन बढ़ेगा और ऊपर से आपको निर्णय नहीं देने पड़ेंगे। कम्पनियों की संख्या आप भले ही न बढ़ायें लेकिन डिवीज़न्स की संख्या बढ़ा दें। जैसा कि आपने सी सी एल में किया है, वैसा ही दूसरी जगहों पर भी करें।

इसके अतिरिक्त मेरा निवेदन है कि जहां तक कोयला उत्पादन का सम्बन्ध है, ओपेन कास्ट माइन्स और अन्डरग्राउन्ड — दो तरह की माइन्स होती हैं। जैसा कि हमें बताया गया है कई वर्षों से प्रयास करके ओपेन कास्ट इंजीनियर हैं वह 40 परसेन्ट ज्यादा उत्पादन दे रहे हैं लेकिन उनको एग्ज़ीक्यूटिव में नहीं लिया जाता है। यह बात सही है कि तीन चार बार इन्टरव्यू में मौका दिया गया लेकिन वे सेलेक्ट नहीं किए गए। एग्ज़ीक्यूटिव में उनमें से भी लिए जाने चाहिए। किसको आप लें, इससे हमारा कोई मतलब नहीं है, लेकिन उनको भी लेने की व्यवस्था करनी चाहिए।

जहाँ तक पेट्रोलियम की बात है, यह बहुत खुशी की बात है कि तीस प्रतिशत उत्पादन बढ़ा है और अभी अभी बाम्बे हाई के एक और कुयें से तेल निकला है। इसके अलावा महानदी, गोदावरी बेसिन में भी खुदाई का काम चल रहा है। हमारे देश का पांच हजार करोड़ का फारेन एक्सचेंज बाहर से तेल मंगाने पर व्यय किया जा रहा था, उसमें आपने दो वर्षों में कमी की है, जिसके लिए आप बधाई के पात्र हैं, लेकिन जो मार्केटिंग की व्यवस्था है वह ठीक नहीं है। आपने एक जब नियुक्त किया है लेकिन मैं समझता हूं एक सिंगल व्यक्ति के स्थान पर

कोई कमेटी बनाई जानी चाहिए ताकि काम जल्दी हो सके ।

जो रीजनल इम्बैलेंसेज हैं उनकी ओर भी मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं । हमारे क्षेत्र मिर्जापुर की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है । वहां पर कलहट में जो इण्डस्ट्रियल बेल्ट है वहां पर आप पेट्रोल पम्प लगाने के लिए एजेन्सीज दें । रेणुकोट में एजेन्सी देने का मामला था लेकिन होता यह है कि जिनको देना होता है, उनकी एप्लीकेशन तो ठीक होती है और बाकी रिजेक्ट कर दी जाती है । 12 में से 9 को रिजेक्ट कर दिया गया । जिन तीन को बुलाया गया, उनमें से एक का तो होना ही था । मैं चाहता हूं आप इसकी जांच करायें ।

मंत्री जी ने आश्वासन दिया है और मुझे उनके ऊपर पूरा विश्वास है । आपने कम से कम इस मामले में सुना है और मैं यह नहीं कहता हूं कि आप किसको दीजिए, लेकिन सारे एप्लीकेन्ट्स को मौका मिलना चाहिए । तीनों विभागों में उत्तरोत्तर सुधार हुआ है । जैनुल बशर जी ने ठीक ही कहा है कि पहले बिजली उत्पादन का कार्डिनेशन ठीक से नही हो पाता था । पावर हाउसेस में कभी कभी सामान नहीं मिलता था, हमसे शिकायत करते थे, वे भी अब आपके साथ हैं । कोयला भी आपके साथ है और और चीजें भी आपके साथ हैं । मैं एक निवेदन खास तौर से करना चाहता हूं । निश्चित तौर से रेलवे में अधिक से अधिक आपको कोडिनेशन करना है । समय से पावर हाउसेस को कोयला पहुंचाना है । यह बात सही है कि कोयले के अन्दर भ्रष्टाचार हो रहा था । मैं इस बात को हाउस के अन्दर कह सकता हूं कि माफिया को आपने समाप्त कर दिया है । कोयले में यह बहुत ही प्रशंसनीय काम किया ह । हमारे ऊर्जा मंत्री, श्री शिवशंकर जी के नेतृत्व में तीनों राज्य मंत्रियों की टीम एक बहुत अच्छी टीम है जो उत्तरोत्तर विक और बढ़ रहे हैं ।

अंत में, मैं पुनः मंत्री महोदय को धन्यवाद देते हुए, इस मांग का समर्थन करता हूं ।

DR. VASANT KUMAR PANDIT (Rajgarh) : Mr. Chairman, Sir, I think you for giving me this opportunity to put forward my views on the working of the Department of Energy. Sir, energy is the foundation of our economy. To revive the economy, a national Plan of energy supply and distribution is necessary. The Ministry of Energy is in a mess due to multiferious reasons.

SHRI K. MAYATHEVAR : Are they vegetarian or non-vegetarian ?

DR. VASANT KUMAR PANDIT : Part of it is vegetarian, part of it is non-vegetarian and this part of it made by the Planning Commission. So, for this half part, he has a stereotype reply—constraints of money and there is nothing we can do about it. About the remaining part of it, which is vegetarian and which is man-made and therefore Ministry made, many things can be done. This mess can be solved if the entire Planning picture of energy generation, its distribution, its full utilisation is properly planned. I call upon the Government to come before us with a blue-paper on the energy generation, with the entire picture of all the resources through which the power generation in the country will be mobilised. We have big projects which will take five to seven years to come up, which are capital intensive and crores of rupees are to be sunk in it, but the results will come after much much later years. So, what we want is immediate supply of energy. Well there has been an expansion programme. We have read about it, but the dispersal of the energy has been handicapped for many reasons. There has to be an integrated planned approach for energy generation and a National Power Grid for distribution and conservation of energy. A big potential exists in the country to tap various energy resources apart from the traditional

sources like hydro, thermal and atomic energy A lot of concentration has been made in the last 20 years on these traditional sources. The required power is not reaching the rural sector, which is most in need of power and which is the grassroot and foundation of our economy. The country's economy and progress depend on the rural upliftment and the power must reach every village, every household and every well.

That will generate production of capital through agricultural. I, therefore, request Government to lay before the House a comprehensive blue-paper on energy generation, resources distribution, and conservation programme for the country.

The traditional resources of thermal, hydro and atomic generation are bound by big investments, capital-intensive schemes and long-term supply-which is a distant possibility. Government must push forth the non-traditional resources like solar energy, bio-gas, wind energy, tidal power and such other new technological advances which have the potential to give energy at a cheaper cost. This will give immediate results to the rural sector. Something has been done in this direction, but more of it is only on paper. Much needs to be done more seriously. Let Government announce its programme and plans in this respect. The Ministry always comes forward with ambitious plans, raises hope of the people, industry and the rural sector; and then gives the normal excuse of financial constraints.

The outlay for National Thermal Power Corporation has been slashed by Rs. 136 crores from the agreed Rs. 847 crores. This will delay energy schedule of many 500 MW power stations, as well as smaller stations of 200 MW capacity In Madhya Pradesh, it will grossly affect the Korba generation scheme and delay the whole thing. It will spill over to the 8th five-year Plan.

What is happening in the State Electricity Boards ? Much has been said by my colleagues. Many of them are in a mess. There are many difficulties. Thousands of crores of rupees remain unpaid to the coal mines and Railways by the State Electricity Boards.

Normally it is our experience that Government takes over an industry, saying that it is sick; and the cause given out is that otherwise there will be unemployment. They do not want unemployment. So, they take over sick units. All the sick State Electricity Boards need the same approach. Why not take them over till they become viable ? If a state electricity board is sick, it not only generates unemployment, but also loss of industrial production and of agricultural produce.

Due to this position, CIL is in an acute liquidity crisis. It has been affected, in many cases, due to unpaid dues for coal by many electricity boards.

Another point I want to draw the Minister's attention too is this, viz. pilferage, on a mass scale of coal. Several questions have been asked in Parliament on the sizeable loss of national wealth. The pilferred coal is taken out of the country's dumps and even exported to Bangladesh. Pakistan, Nepal and across the borders. There is an organized linkage with the coal mines, their dumps, the Railways and transporters all this at great cost to the country. Government expresses its inability. Replying to one of the questions, the Hon. Minister said that they were doing all they could; but that they could not make things fool-proof.

In order to show some results, you black-list somebody; but whom ? You black-list a truck, and persons to whom coal is delivered. But who is delivering these things ? Where is the source of this corrupt practice ? Those people are not black-listed, because there is a well-organized political Mafia operating with gangs all over the country, wherever coal production, its distribution and coal dumping are done. What exact steps are they going to take to plug this pilferage.

The thefts are not small; it goes into crores of rupees. There is one positive step the government can take in this direction. The steps already taken are to "make-believe" the people or throw dust in their eyes. This is clear from the manner in which Mr. Wadhera, the Chairman and M.D of the Central Coalfields Ltd. was summarily dismissed. Will the government explain the reasons why he was dismissed, who occupied his place, what are the potentials of this new man, what was lacking in Mr. Wadhera, which political influence was working at that time ? They should unravel the entire secret lying behind this coal Mafia which is operating openly under the very eyes of the government The established link of the Mafia has to be broken. May I suggest to the Hon. Minister that, if he wants coal say 5000 tonnes as a first order given to me, I can give him amount of coal at Dhanbad or at Mogalsarai or anywhere he wants; and if he wants it by railway, I will see that it will be despatched under railway receipt also ? This is going on openly, under the eyes of the government. Something has to be done about it instead of catching a truck or a truck driver or the man who receives it or the retailer who cannot explain. That is not the sources where the action should be originated. Therefore, I would ask the government and request them to be more strict in this case.

The thermal power capacity utilization in the country has gone down from 48 per cent to 43 per cent. I hope that the government's attention has been drawn to the report by the FICCI which says that thermal power capacity utilization is at the lowest, all time low in the country We have to revive the rural economy and power is required there. Thousands of villages are yet to be energized. Many thousands of wells are still to be energized and the traditional source of energy would be very costly to reach to the villages Therefore, instead of having a paper programme about solar energy and other new sources of energy, let us have a crash programme which can reach the people. There has been now a new technology about which the Department is aware where solar energy disc can be done in the village on clay; it can become a village industry; it is covered with the ionised aluminium foil. Even otherwise, you have advertised a solar cooker for Rs. 25 and Rs. 100. For a biogas crash programme, it has to be a crash programme so that at least to some extent we can make energy and power reach the villages, which would, for the time being, at least, solve the peripheral problems of shortages of energy. Thank you, I have done.

STATEMENT RE : PUNJAB

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P.C. SETHI) : Sir, the Hon'ble Members had appealed to Akali Leadership in this House on 31.3.1983 to call off their agitation and condemn violence. But their Morcha continues and pursuant to their decision on March, 12, 1983, senior Akali Leaders addressed congregations throughout the State to mobilise support. Despite protestations of the Akali Leaders that the agitation would be non-violent, the agitators resorted unprovoked violence and arson at a number of places in the State in which they used words, spears, fire-arms and caused considerable damage to property. They indulged in heavy brick-batting on the police and also fired upon them at some places. For example, in District Sangrur, the agitators set fire to one bus, one police jeep, one water tanker of municipality and police bus. On Jullundur-Ferozepur section of the Northern Railway, rails were found uprooted between Mehlan and Talli Saidan Railway Stations. As many as 2 Executive Magistrates and 175 police men including 2 Superintendents of Police, 1 Commandant CRPF, 2 Deputy Superintendents of Police, 4 Inspectors and other ranks were injured. The Police had exercised restraint and patience but in order to control the situation created by the violence and arson, they had to use force including resort to firing.

As reported by the Government of Punjab, 15 persons died and about 30 received injuries in police firing in different places in the State. 5 persons died and 25 persons received injuries in the stampede at Malerkotla where agitators indulged in severe

brick-batting. The Police had to resort to lathi-charge and tear smoke firing. There was a stampede among the agitators and five persons died as a consequence thereof. The post-mortem of these five persons has shown that none of them sustained any bullet injury.

The normal traffic has been resumed and the situation in the State is, reported to be coming back to normalcy.

Government has repeatedly appealed to the leadership of Shiromani Akali Dal to shun violence and not to do anything which may precipitate the situation. Government has always held the view that issues should be resolved through negotiations and in the spirit of accommodating each other's point of view. We have been talking and have been perusing the issues. Our doors are still open for talks. Hon'ble Members of this House have expressed similar views and sentiments It is unfortunate that the Shiromani Akali Dal Leadership have chosen the methods of agitation which lead to violence We have seen its results.

I trust, the Hon'ble House will join me in appealing to the Leaders of Shiromani Akali Dal to give up the path of confrontation which not only gives rise to violence and suffering but also makes the task of finding out solution more difficult.

(*Interruptions*)

SHRI INDRAJIT GUPTA : (Basirhat) : There is one thing. I find that the Minister himself has...

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAM : No, If this goes on, there will be no end.

SHRI INDRAJIT GUPTA : It is not a question of going on. It is a question of people being killed. People are being killed in the streets.

MR CHAIRMAN : You can give notice of a motion to discuss this and the Hon Speaker will consider.

(*Interruptions*)

SHRI INDRAJIT GUPTA : I want to know whether his statement means that he is, on behalf of the Government, willing to invite these people back for talks along with the leaders of the other Party.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please do it on some other occasion. Not now.

SHRI INDRAJIT GUPTA : You are only being...

MR CHAIRMAN : If this is allowed, there will be no end.

[*Interruptions*)

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South) : This is a serious matter. We raised it during Zero Hour and the Hon. Speaker said that the Minister will make a statement and we...

(*Interruptions*)

SHRI INDRAJIT GUPTA : The whole of the Punjab is...

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : You can have some other occasion to discuss these issues. I would not allow anything now.

(*Interrupttons*)

MR. CHAIRMAN : I would not allow.

SHRI INDRAJIT GUPTA : Do you want the Punjab to become another Assam

or what ? Some steps have to be taken to resolve the matter.

MR. CHAIRMAN : You can give a proper notice and get it discussed in the House.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (Banskura) : Repeatedly this is being done. This has been discussed. Assurances have been given.

(*Interruptions*)**

MR CHAIRMAN : There is no precedent to allow any kind of questions or discussions after the statement is made. I am not allowing anything. Nothing is to go on record.

(*Interruptions*)

SHRI INDRAJIT GUPTA : People being...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please do not disturb the proceedings.

(*Interruptions*)**

MR. CHAIRMAN : Well, as I have already said, give notice for a motion for discussion and the Hon Speaker will consider it. There is no precedent to allow any kind of a discussion. I am not allowing. Nothing is to go on record.

(*Interruptions*)**

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record till I allow. Shri Ram Singh Yadav.

(*Interruption*)**

MR. CHAIRMAN : You can give notice and then that will be considered by the Speaker.

(*Interrnption*)**

MR. CHAIRMAN : I am acting according to the rules.

(*Interruption*)**

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

(*Interruption*)**

16.43 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1983-84 *Contd.*

MINISTRY OF ENERGY *Contd.*

श्री राम सिंह यादव (अलवर) : माननीय सभापति महोदय, किसी भी राष्ट्र की प्रगति का जायजा लेने के लिए यह देखना आवश्यक है कि वहां प्रति व्यक्ति विद्युत का कितना खर्चा होता है । इस दृष्टि से हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि भारत में प्रति व्यक्ति औसतन कितनी बिजली खर्च की जाती है । (**व्यवधान**) देश की प्रगति के लिए हमें विद्युत-उत्पादन के साथ साथ कोयला-उत्पादन और पेट्रोलियम पदार्थों के उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहिए, जिनके माध्यम से कृषि और उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है । (**व्यवधान**) यदि आम आदमी के उपयोग के लिए एनर्जी की उपलब्धि नियमित रूप से हो, तो उसमें अपने रोजगार और आर्थिक प्रगति के प्रति आस्था और विश्वास पैदा होता है ।

आज देश में विद्युत के अभाव के कारण कृषि और उद्योग के क्षेत्र में बहुत बड़ा संकट पैदा हो गया है । देश के आधे से अधिक राज्यों में बिजली की कमी है । उदाहरणतः पश्चिमी बंगाल, राजस्थान, तामिलनाडू, कर्नाटक, मध्य-प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बिजली का अभाव

**Not recorded.

है । बिजली की इस कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार को सक्षम कदम उठाने होंगे । सबसे पहले मेरा सुझाव यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर एक पावर ग्रिड — नेशनल पावर ग्रिड — की स्थापना की जानी चाहिए (**व्यवधान**)

आप सभी स्टेट्स को सही पैमाने पर बिजली दें । सबसे पहले तो में माननीय मन्त्री जी से मांग करता हूं कि पावर नेशनल ग्रिड बनाने का संकल्प लें । बहुत दिनों से इसके लिए प्रयत्न किया जा रहा है और बहुत से सुझाव दिए जा रहे हैं लेकिन इस सम्बन्ध में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है । मैं जानना चाहूगा कि नेशनल पावर ग्रिड बनाने के लिए कौन से सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं ?

विद्युत के सम्बन्ध में आज बहुत रीजनल इम्बैलेन्सेज भी पैदा हो गए हैं । आज बहुत सी स्टेट्स में पावर क्राइसिस है । हमारी स्टेट राजस्थान में आज पावर का अभाव है । राजस्थान जैसी स्टेट, जो कि अपने साधनों में बहुत बैकवर्ड है, उसको एटामिक पावर प्रोजेक्ट दिया गया जो कि 440 मैंगावाट की क्षमता का था, लेकिन आज वह साल भर में 200 मैंगावाट भी पैदा नहीं कर रहा है । इसके सम्बन्ध में आपको गम्भीरता के साथ विचार करना होगा कि जो स्टेट्स आर्थिक दृष्टि से बहुत पीछे हैं और जिनकी सारी एकोनामी पावर पर ही डेपेन्ड करती है, वहां पर अगर इस तरह से पावर फेल्योर होगा, एटामिक पावर प्लान्ट काम नहीं करेगा तो वहाँ क्या दशा होगी ? राजस्थान में एटामिक पावर प्लान्ट 365 दिनों में 190 दिन बन्द रहत्ता है । इससे आप अन्दाज लगा सकते हैं कि वहां पर काश्तकारों और उद्योगपतियों को कितनी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा होगा । (**व्यवधान**) शास्त्री जी, आप कुछ राष्ट्रहित में भी सोचें । बिजली फेल होने से पानी देने वाले जो संयंत्र हैं वह भी काम नहीं कर सकेंगे और जहां पर पानी भी न मिल रहा हो, वहां के लिए आपको गम्भीरता से सोचना होगा कि किस तरह से वहां बिजली मोहैया की जाए । अतः जब तक आप नेशनल पावर ग्रिड नहीं बनायेंगे तब तक राजस्थान जैसी स्टेट में जहाँ पर पीने के पानी की भी मुसीबत है, बिजली बन्द हो जाने से आम आदमी को पीने का पानी भी नहीं मिलता है, बीस-बीस मील दूरी से पानी लाना पड़ता है, वहां पर समस्या का निदान सम्भव नहीं होगा । आपको गम्भीरता से सोचना चाहिए कि राजस्थान जैसी स्टेट के लिए क्या किया जाए । हमारे राजस्थान में बिजली की खपत 22 मिलियन यूनिट है जबकि 9.9 मिलियन यूनिट बिजली ही उपलब्ध है । इसी से आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि वहां पर इण्डस्ट्री और एग्रीकल्चर सेक्टर पर इसका क्या बूरा प्रभाव पड़ रहा होगा । किसी भी प्रदेश की एकोनामी को आगे बढ़ाने के लिए, औद्योगिक एवं कृषि उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए और प्रदेश में खुशहाली लाने के लिए, आपको सोचना होगा कि किस तरह से उन यूनिट्स को, जोकि बिजली जेनरेट करती है, सही लाइन पर लाया जाए । इस सदन में मैंने तथा हमारे अन्य साथियों ने बार-बार कहा है कि राजस्थान का एटामिक पावर प्रोजेक्ट अपने आप में बहुत इरैटिक है और अभी तक उसका कोई निदान नहीं निकल सका है । हम पुर-जोर मांग करते हैं कि इस तरह की जो भी यूनिट्स हैं उन सभी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई कमेटी बिठाई जाए और उससे जांच कराई जाए कि उसमें क्या टेक्निकल डिफेक्ट्स हैं, क्यों वहां पर पूरा जेनरेशन नहीं हो रहा है ?

इसी तरह से आज देश में जो इन्टर-स्टेट प्रोजेक्ट्स हैं वह जिस स्टेट में स्थित हैं, वह

स्टेट दूसरी स्टेट्स को सही अनुपात में पावर नहीं देती है।

राजस्थान का हिस्सा सतपुरा प्रोजेक्ट में है, इसी तरीके से सिंगरोली प्रोजेक्ट में है और भाखड़ा नांगल में भी हमारा हिस्सा है। लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि राजस्थान प्रान्त का जितना विद्युत का अपना शेयर है, उस अनुपात में उसको नहीं मिलता है। इसलिए नहीं मिलता है क्योंकि जनरेटिंग यूनिट्स दूसरे प्रान्तों में हैं, हमारे प्रान्त में नहीं है। यही कारण है कि राजस्थान प्रान्त को जितनी बिजली मिलनी चाहिए थी, वह मिल सकती है, लेकिन मिल नहीं रही है। पिछले तीन-चार सालों में वहां पर भयंकर सूखा पड़ रहा है। वहां के किसानों को बिजली न मिलने के कारण उनकी फसलें सूख जाती हैं। मैं आपको अपने क्षेत्र के बारे में कहना चाहता हूं। अलवर में इण्डस्ट्रीज की यूनिट्स लगाई गई है, लेकिन वहां बड़ी इण्डस्ट्रीज पर सौ फीसदी पावर कट है, मीडियम इण्डस्ट्रीज पर 50 फीसदी पावर कटी है और एग्रीकल्चर में केवल चार घण्टे बिजली दी जाती है। जो बिजली दी जाती है, वह रात के टाइम में दी जाती है। आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि कीई किसान रात्रि को जनवरी और दिसम्बर के महीने में किस तरह से अपनी फसल को पानी दे सकता है। इन हालात को देखते हुए हमने आपसे निवेदन किया था कि जब तक नेशनलग्रिड नहीं बनेगा, तब तक पावर की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आपको इस विषय पर गम्भीरता से सोचना होगा और गहराई से सोचना होगा।

राजाध्यक्ष कमेटी ने भी यह सुझाव दिया था कि जितने भी बिजली बोर्डस् हैं या बिजली की अण्डरटेकिंग्स हैं, उन सब की कार्यप्रणाली दोषपूर्ण है। उनके काम में त्रुटियां हैं। आपको सुनकर ताज्जुब होगा कि स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड आज हज़ारों करोड़ रुपयों के घाटे में चल रहे हैं। — इसका क्या कारण है ? इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जितने भी बिजली बोर्डस हैं, उनके बारे में राजाध्यक्ष कमेटी ने सुझाव दिया है कि यदि कोई भी बोर्ड ठीक से काम नहीं करता है, तो सैन्ट्रल इलैक्ट्रिसिटी आथारिटी को उसको मैनेज करने का अधिकार है। यह अधिकार आना चाहिए। यदि स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड को आप इतनी औटोनामी दे देंगे कि वह काम को मैनेज न कर सकें तो देश का काफी नुकसान होगा। बिजली बोर्ड आज जिस तरह से सफेद हाथी हैं, जिस तरह से आज देश के अन्दर औद्योगिक उत्पादन को गिरा रहे हैं; कृषि उत्पादन को गिरा रहे है और देश की आर्थिक स्थिति जिस प्रकार से आगे बढ़नी चाहिए, वह पीछे जा रही है— इन सब बातों पर सदन को सोचना चाहिए। इतनी बड़ी अंडरटेकिंग पर अरबों रूपया खर्च कर रहे हैं और उसमें अरबों रूपयों का घाटा हो रहा है। इसका कारण क्या है ? यदि हम इसका निवारण नहीं कर पायेंगे तो किस तरह से देश आर्थिक दृष्टि से आगे बढ़ेगा।

एक निवेदन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के जितने भी चेयरमैन हैं, ये टैक्नोक्रेट होने चाहिए। इसमें कोई भी आदमी जो टैक्नोक्रेट न हो, उसको कभी भी बिजली बोर्ड का चेयरमैन नहीं बनाना चाहिए और न ही बिजली बोर्ड की सदस्यता देनी चाहिए। इसके साथ-साथ में यह भी कहना चाहता हूं कि ट्रांसमीशन और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन्स की कमी की वजह से 19.4 परसेंट पावर जनरेशन कम होता था। आप अन्दाजा लगाइए — जहां पर आपका विद्युत उत्पादन

19 परसेंट या 20 परसेंट ट्रिपिंग की वजह से या फ्लक्चूएशन की वजह से या और दूसरे कारणों से कम होता है । तो उसका राष्ट्र का कितना बड़ा नुकसान हो रहा है । इसलिए राजाध्यक्ष कमेटी ने सुझाव दिया था कि जनरेशन पर आप जितना रुपया खर्च कर रहें हैं, उसी के अनुपात में आप ट्रांसमोशन और डिस्ट्रीब्यूशन पर खर्च करिए, यदि आप इसको सही तरीके से कन्ज्यूमर तक पहुंचाना चाहते हैं । यदि इतना रुपया खर्च करने पर वह कन्ज्यूमर तक नहीं पहुंच पाता है, तो खेती नहीं होती है । इन्डस्ट्रीज को बिजली नहीं मिलती है, तो उत्पादन नहीं होता है । इसलिए इन सब बातों पर आप टैक्नीकल तरीके से सब पहलुओं पर गम्भीरता से विचार करें ।

इसके साथ ही साथ पावर के बारे में प्लानिंग कमीशन ने अब तक जो हाइडल प्रोजेक्ट्स बनायें हैं, उनमें आपने आप में एक बहुत बड़ा दोष है जो आज देश के सामने नजर आ रहा है । वह दोष यह है कि एक ही जगह पर हाइडल प्लांट लगा दिया और सारा पानी इकट्ठा कर लिया । जितनी भी किसी राज्य की सम्पदा थी, स्केटरड वाटर था, उससे उस राज्य के बहुत से लोगों को मरहूम कर दिया गया । जिनके खेत कमान्ड एरिया में आते थे उनको तो फायदा हुआ, उनको इर्रीगेशन के लिए बिजली जल्दी पहुंचती है । इसलिए प्लानिंग कमीशन को इन हाइडल पावर प्लांट के बारे में अपनी प्लानिंग पर दुबारा विचार करना चाहिए और हमें बड़े प्लांट लगाने के बजाए, छोटे-छोटे इरीगेशन और हाइडल प्लांट लगाने चाहिएं । उनके प्रांत के हर हिस्से को कुछ न कुछ लाभ होगा । केवल एक जगह बड़ा प्लांट लगा देने से प्रांत के एक खास हिस्से और भाग को ही फायदा पहुंचता है, पूरा प्रांत उससे उपेक्षित रह जाता है । पानी इकट्ठा हो कर एक जगह चला जाता है, बाकी लोगों की जमीनें खराब हो जाती हैं क्योंकि बिजली का उत्पादन बहुत दूर होने के कारण उसका लाभ उन लोगों को नहीं मिल पाता ।

मैं राजस्थान के बारे में निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थान में जितनी भी विद्युत योजनाएं हैं वे सब फाल्टी हैं । राजस्थान में चाहे उद्योगपति हों, चाहे छोटे उद्यमी हों, चाहे किसान हों, उनकी पैदावार किस तरह से बढ़ाई जाए, इसका आप जायजा लीजिए और इस पर गंभीरता से सोचिये । इसके साथ सिंगरौली थरमल पावर प्रोजेक्ट से भरतपुर और अलवर तक हाई ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का कार्य केन्द्र की सेन्ट्रल इलैक्ट्रिसिटी अथारिटी ने लिया और इसको बहुत जल्दी किया इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं । ऐसी दिक्कतें क्यों आती हैं ? इन दिक्कतों को दूर करने के लिए आप नेशनल लेबल पर प्लान क्यों नहीं तैयार करते हैं ? हाई ट्रांसमीशन लाइन के लिए भी आपको परमानेंट व्यवस्था करनी होगी ।

इस महकमे के अलावा मैं दूसरे महकमे के बारे मैं भी कहना चाहता हूं । मैं पेट्रोलियम मिनिस्ट्री को और उसके अधिकारियों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने फोरन एक्सचेंज में सात सौ करोड़ रुपये की बचत की है । यह पेट्रोल के भाव कम होने से भी हुई है और यह अपने यहां तेल की भारी मात्रा में खोज के कारण भी हुई है । इसमें सब से बड़ा और खास कारण यही है कि हमारे साइंटिस्टों ने, हमारे इंजीनियर्स ने, हमारे मंत्री जी ने और हमारे विभाग के दूसरे अधिकारीगण ने इस दिशा में प्रशंसनीय कार्य किया है और अपने यहां तेल की काफी खोज की है । इस तरह से भी हमारे यहां फोरन एक्सचेंज की बचत हो रही है । तेल के मामले में खर्च किये जाने वाले फोरन एक्सचेंज में जो हम कमी ला रहे हैं उसके लिए हमारे ओ०एन०जी०

सी० और पेट्रोलियम मंत्रालय से सम्बन्ध रखने वाले सभी धन्यवाद के पात्र हैं और मैं अपने मंत्री जी को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने अपने वैज्ञानिकों को जो कि दिल्ली के आसपास रहते थे, या ऐसे नगरों में रहते थे जहां कि सारी सुविधाए उपलब्ध थीं, राजस्थान के डेजर्ट एरियाज में भेजा। उनको उन रेगिस्तानों में भेजा जहा कि पीने का पानी नहीं मिलता, जहां खाने के लिए गेहूं नहीं मिलता, चावल नहीं मिलता । लेकिन मैं उन साइंटिस्टों और इंजीनियरों को दाद देता हूं कि वे पश्चिमी राजस्थान में जाकर के तेल के कुओं की ड्रिलिंग कर रहे हैं और इसमें उन्होंने बहुत कामयाबी हासिल की है। मुझे आशा है कि मंत्री जी ने जो वहां टीम भेजी है, उसमें वे और इजाफा करेंगे और राजस्थान में जहां कि गैस मिलने की बहुत संभावनाएं हैं, वहां सही तरीके से सर्वे करायेंगे ।

17.00 hrs.

जहां पर नेचुरल गैस या आयल मिल रहा है वहां पर अधिक से अधिक संभावनाओं का पता लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए। जो ड्रिलिंग करा रहे हैं उसके लिए मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। इस कार्य में और अधिक विस्तार और गति की आवश्यकता है जिससे सारी संभावनाओं का पता लगाकर राजस्थान में सुविधाओं को बढ़ाया जाए ।

अंत में एक बात कहना चाहता हूं। पेट्रोलियम एण्ड केमीकल्स मिनिस्ट्री की व्यवस्था बहुत अच्छी है। लेकिन आज देश में केरोसिन की बहुत कमी है। इसका कारण यह हो सकता है कि केरोसिन जो आप स्टेट्स को दे देते हैं वहां पर वितरण सही प्रकार से नहीं हो पाता। इसके लिए, सेंट्रल लेवल पर कोई टीम होनी चाहिए जो वितरण व्यवस्था को चैक करे। यह देखना चाहिए कि केरोसिन गरीब आदमी तक पहुंचता है या उसकी डीजल में या पेट्रोल में मिलावट हो जाती है। ऐसा भी होता है कि पूरा का पूरा टैंकर पेट्रोल पंप को दे दिया जाता है। कंज्यूमर को केरोसिन नहीं मिल पाता। इसलिए मेरा निवेदन है कि स्टेट्स के ऊपर मत छोड़िए बल्कि स्वयं इसको चैक करिए। इस तरह का कोई विजीलेंस डिपार्टमेंट होना चाहिए जो इस बात को देखे कि स्टेट्स को दिए गए कोटे का सही वितरण हो रहा है या नहीं। मैं अभी तीन-चार दिन पहले अपने क्षेत्र में गया था। वहां पर यह आम शिकायत थी कि देहाती क्षेत्र में केरोसिन नहीं पहुंच पाता। कस्बों में केरोसिन नहीं मिलता। मिलावट होती है। आपने सही व्यवस्था की हुई है और हर स्टेट को आप कोटा दे रहे हैं। लेकिन वहां पर वितरण किस तरीके से हो रहा है इसे भी आपको देखना चाहिए। आप हमको यह कह-कर शांत नहीं कर सकते कि डिस्ट्रीब्यूशन स्टेट का काम है। अगर उसमें कहीं गलती हो रही है और पूरा का पूरा टैंकर पेट्रोल डीलर्स अपने काम में ले लेते हैं तो इसके लिए आपके पास एक टीम होनी चाहिए। वह टीम असेसमेंट करे। इस बारे में आप ठोस कदम उठाएं ।

एक सुझाव देकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। जो रीजनल इंटरस्टेट इलेक्ट्रिसिटी अथारिटीज हैं उनको अधिक मजबूत करें। जब तक नेशनल लेवल पर इंटरस्टेट इलेक्ट्रिसिटी अथारिटीज काम नहीं करेंगी, स्टेट्स का आपस में कोआर्डिनेशन नहीं होगा तब तक इस क्षेत्र में इंबेलेंसेस को दूर नहीं किया जा सकेगा। आज पंजाब सरप्लस में है, हिमाचल में सरप्लस है लेकिन राजस्थान को बिजली नहीं मिल सकती जो अपनी क्षमता का 50 प्रतिशत भी उत्पादन नहीं कर पाता है। जब तक इलैक्ट्रि-सिटी डिस्ट्रीब्यूशन के संबंध में इस तरह की

अथारिटीज़ काम नहीं करेंगी तब तक आप रीजनल इंबेलेंसेस को दूर नहीं कर सकेंगे ।

इन सुझावों के साथ सदन में आपके महकमे के लिए जिन अनुदान मांगों को प्रस्तुत किया गया है उनका मैं हृदय के साथ समर्थन करता हूं । जय हिन्द ।

MR. CHAIRMAN : SHRI Chandra Pal Shailani.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South) : I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN : I have received your notice That will be considered by the Speaker.

SHRI SATYASADHAN : I am on a point of order. Under rule 376 (2) I want that this issue should be raised and discussed in the House. This is very important. The situation in Panjab is very important That is why I have given this motion and I want that this should be discussed in the House; under Rule 376.

I am on this point of order so that you may consider it.

MR. CHAIRMAN : You can speak on your point of order but not on your notice.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : My point of order is that this business of the House should be re-scheduled in such a way that the situation in Punjab and particularly the police firing can be discussed immediately.

MR. CHAIRMAN : I have already told you that I have received your notice.

And that will be considered by the Speaker. There is no Point of Order. Now, Shri C.P. Shailani.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : That will be considered by the Speaker. When it is allowed, you can discuss it. Now, Shri C.P. Shailani.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): Sir, the matter is very urgent and important. Why are you delaying it ?

PROF. RUP CHAND PAL (Hooghly) : Sir, I seek one simple observation from you. In the other Huose, after any important statement is made...

(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadavpur) : Sir, let me refer to the precedent of this House.

MR. CHAIRMAN : We cannot refer to any precedent of the other House.

(*Interruptions*)

PROF. RUP CHAND PAL : Kindly listen to me. I want to say something.

MR. CHAIRMAN : Are you speaking on a Point of Order ?

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (Jadaupur) : He is speaking on supporting the Point of Order.

PROF. RUP CHAND PAL : On a previous occasion, after making a statement, the Minister had given clarifications sought by the Members. This time also, on such an urgent issue, we hope that the Minister should at least give certain clarifications to the Members.

MR. CHAIRMAN : Of course, I am also a senior Member and I know all these rules. But according to the present rules, no discussions or no questions are allowed after a statement is made by any Minister.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : In the present rules, is the Punjab issue mentioned ? This is not a normal situation.

That is the normal procedure. How can you say this ?

MR. CHAIRMAN : But rules are there and we are guided by the rules. Now, Shri C.P. Shailani You do not want to speak or what ?

(*Interruptions*)

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Now, he has come. Now, he will give the ruling on the Punjab issue.

MR. DEPUTY SPEAKER : I have not called you. Only Shri C.P. Shailani to speak.

(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, this is an important point

MR. DEPUTY SPEAKER : It has been referred to the Speaker.

Past is past. I am looking forward. I do not look backward. Now, Shri C.P. Shailani.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Punjab is present and not past.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Mr. Deputy-Speaker, Sir, since you come, I have to leave !

MR. DEPUTY SPEAKER : Thank you.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI : Past Punjab is one Punjab and the present Punjab is another Punjab.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri C.P. Shailani.

श्री चन्द्रपाल शैलानी (हाथरस) : माननीय उपाध्यक्ष जी, ऊर्जा मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों का मैं पुरजोर शब्दों में समर्थन करता हूं । श्री मान इस मंत्रालय के अन्तर्गत जो चीजें आती है आज के आधुनिक जीवन में उनका अत्याधिक महत्व है, जैसे बिजली, कोयला, पानी, परमाणु और पेट्रोलियम । यदि इन चीजों की आज कमी रहती है या उनका उत्पादन नहीं होता है तो मनुष्य का जीवन पंगु हो जायगा और उसका सारा विकास अवरुद्ध हो जायगा । श्री मन् , यह वह चीजें हैं जिनका आज के जीवन में बहुत महत्व है । बिजली, कोयला, पैट्रोलियम के बगैर न कोई उद्योग, फैक्ट्री, कारखाने चल सकते है और न रेलगाड़ियां और मोटर ही चल सकते हैं, और न देश का विकास हो सकता है । आजकल के जमाने में तो खेती भी मैकेनाइज्ड हो गई है और डीजल से ट्रैक्टर, पम्पिग सैट सभी सलते हैं । खेती से लेकर कारखाने सभी पैट्रोलियम पदार्थ, कोयला और बिजली पर निर्भर रहते हैं, खेतों में खाने के लिये अनाज पैदा होता है ओर कारखानों में मनुष्य के जीवन के लिये हर आवश्यक चीच तैयार होती है । अगर आज के जमाने में इनकी कमी होगी या इनका उत्पादन नहीं होगा तो हम जिस लक्ष्य पर पहुंचना चाहते हैं, हमारा देश जितनी तरक्की करना चाहता और देश का जितना विकास होना चाहिये, वह नहीं हो पायेगा और न ही हम एक जगह से दूसरी जगह जा सकते हैं, मोटरें और रेलगाड़ियां नहीं चल सकेंगी जिससे यातायात ठप्प हो जायगा । और बहुत सी जरूरी चीजें एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचायी जाती हैं··· वह भी नहीं पहुंचायी जा सकेंगी । यह चीजें आज के जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी हैं ।

जैसा अभी हमारे एक साथी ने कहा था कि इस समय देश में बिजली की कमी है । इधर

के साथियों ने तो शोरगुल मचाया । मैं यह कहना चाहता हूं कि आज देश में चाहे जिस राज्य में देख लें, किसी भी पार्टी की सरकार हो चाहे हमारी पार्टी की या विरोधी दल की, कोई भी ऐसा राज्य नहीं है जहां पर बिजली पूरी मात्रा में मिलती हो और वहां बिजली की कटौती न होती हो, उत्पादन कम न हो । इसके लिये सबसे ज्यादा दोषी मैं अपने उन तथा कथित प्रगतिशील विचारधारा के भाइयों को ठहराऊंगा जो अपने ऊपर कम्युनिज्म का जामा पहने हुए हैं और गरीबों के मसीहा अपने आपको कहते हैं ये वहां हड़ताल कराते हैं, मजदूरों को काम पर जाने से रोकते हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न करते हैं कि बिजली का उत्पादन यदि होने वाला भी हो तो न हो ।

मेरे जिले में कासिमपुर पावर हाउस है, वहां पर आये दिन लाल झण्डा लगा रहता है । इनके समर्थक वहां मजदूरों को बरगलाते रहते है । यदि मैं यहां तक कहूं कि ये असामाजिक तत्वों से मिलकर कोयले की चोरी करवाते हैं तो भी गलत न होगा । इससे उत्पादन ठप्प होता हैं ।

एक माननीय सदस्य : सबसे ज्यादा आपकी पार्टी के लोग हैं ।

श्री चन्द्रपाल शैलानी :वहां बड़े-बड़े यूनिट हैं । जितनी बिजली वहां पैदा होनी चाहिये थी, नहीं होती है । यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के देहाती इलाकों में 2,3,4 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं पहुंचती ।

आज ऐसे समय जब कि उत्तर प्रदेश में हाई स्कूलों की परीक्षाएं हो रही हैं, जब विद्यार्थियों को बिजली नहीं मिलती तो उनका अध्ययन नहीं हो पाता और वह अच्छी तरह से पर्चे भी नहीं कर पाते । आज वहां मिट्टी का तेल भी उपलब्ध नहीं है जिससे उस रोशनी में वह रात को अध्ययन कर सके और सुबह अच्छी तरह से परीक्षा में कुछ कर सकें ।

आज हमारे माननीय मंत्री जी के मजबूत कन्धों पर हमारी नेता माननीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने इतने जिम्मेदार मंत्रालय का भार सौंपा है, मुझे उम्मीद है कि वह एक ऐसा कदम उठायेंगे, बेहतर व्यवस्था करेंगे जिससे मजदूरों, विद्यार्थियों और कमजोर वर्ग के लोगों को कम-से-कम इन चीजों की कमी न हो ।

आज वहां होता क्या है ? वहां पर लगे इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, लाइन इन्सपैक्टर यह करते हैं कि कुछ बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कारखानों के मालिकों से मिल जाते हैं और उनको ज्यादा बिजली देते हैं किसान को बिजली वह कम देते हैं यदि देते भी हैं तो वह ना के बराबर और वह भी रात के समय में । किसान एक कर्मठ वर्ग है जो कि बहुत मेहनत करता है, उसको रात में बिजली दी जाती है । होना यह चाहिये कि किसान को दिन में बिजली दी जाये और उद्योगों व कारखानों को रात में बिजली दी जाये ।

हर राज्य में बिजली बोर्ड हैं । हमारे कुछ साथियों ने उन्हें सफेद हाथी कहा है । किसी जमाने में पुलिस का विभाग सबसे ज्यादा बदनाम था, पुलिस को भ्रष्टाचार के लिये दोषी पाया जाता था । यह आज स्वतंत्र भारत में ही नहीं, अंग्रेज के जमाने में भी यही था । लेकिन आज धारणा यह है कि सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हाइडल में है, बिजली विभाग में है । वहां बगैर पैसे के ट्यूववैल मंजूर नहीं होता, बिजली का कनैक्शन मंजूर नहीं होता । इसके लिये जिला स्तर के अधिकारी दोषी हैं ।

माननीय मंत्री जी मेरे सुझाव पर विचार करें कि जितने प्रदेशों के इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड हैं,

जोकि अपने आपमें आटोनामस बाडी हैं, आज उनकी हालत बहुत खराब हो चुकी है। जरूरत इस बात की है कि वह इस विषय को गंभीरता से लें कि इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड अपनी जगह पर रहें, लेकिन हर स्टेट के इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड पर केन्द्रीय सरकार का नियंत्रण होना चाहिये।

केन्द्रीय सरकार को उन्हें डायरेक्ट आदेश देने का अधिकार होना चाहिए, जिसकी वे अवहेलना न कर सकें, ताकि बिजली के उत्पादन तथा वितरण की व्यवस्था अच्छी हो।

एक बार उत्तर प्रदेश में बिजली के इंजीनियरों की हड़ताल हुई थी। सरकार को जीवन के लिए आश्यक संस्थाओं में हड़ताल पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिए।

आज के युग में कोयले का एक विशेष स्थान है। बिहार में सबसे ज्यादा कोयले का उत्पादन होता है। इसके अलावा मध्य प्रदेश और अन्य जगहों में भी कोयला निकाला जाता है। इन कोयला खदानों का आधुनिकीकरण करना चाहिए और वहां पर अच्छी से अच्छी मशीनें लगानी चाहिए, जिससे वहां काम करने वाले मजदूरों का जोवन खतरे में न पड़ सके। हमने देखा है कि कई कोयला खदानों में हुई दुर्घटनाओं में बहुत से मजदूर अपनी जानें गंवाते हैं। सरकार को उन मजदूरों के स्वास्थ्य, चिकित्सा और वच्चों की एजूकेशन आदि की तरफ भी ध्यान देना चाहिए और उन्हें अधिक से अधिक सुविधायें देनी चाहिए।

जहां तक कोयले की ढुलाई का सम्बन्ध है, रेलवे मंत्रालय उसके बीच में आता है। यह देखा जाता है कि टाटा, बिड़ला और डालमिया जैसे बड़े-बड़े उद्योगपतियों को कोयले की ढुलाई के बारे में बरीयता दी जाती है और उन्हें बिजली भी सस्ती दर पर उपलब्ध की जाती है। सरकार को लघु-उद्योगों और कुटीर-उद्योगों को अधिक कोयला और बिजली मुहैया करनी चाहिए, जिससे उनका विकास हो सके और देहात के मजदूरों को रोजी-रोटी मिल सके।

जहां तक पेट्रोलियम का सम्बन्ध है, आज भी हम इस मामले में आत्म-निर्भर नहीं हैं। हमारी लोकप्रिय सरकार ने बम्बई हाई से तेल निकालना शुरू कर दिया है। इसके अलावा सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश आदि अन्य जगहों में भी तेल की खोज हो रही है और तेल पाया गया है। लेकिन इस हकीकत से इन्कार नहीं किया जा सकता कि आजादी के 35 वर्ष बाद भी हम इस बारे में आत्म-निर्भर नहीं हो पाए है। मंत्री महोदय ने पीछे यह आश्वासन दिया था कि हम पेट्रोलियम में जल्दी से जल्दी आत्म-निर्भर हो जाएंगे। विदेशों से पेट्रोलियम पदार्थ मंगाने में हमें अपार धनराशि देनी पड़ती है। अगर हम अपने विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों की सहायता से एक योजनाबद्ध ढंग से काम करें, तो कोई कारण नहीं है कि हम इस विषय में आत्म-निर्भर न हो सकें। आज के जीवन में पेट्रोलियम के महत्व को देखते हुए सरकार को जगह-जगह पर तेल की खोज करने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि हमारी विदेशी मुद्रा में बचत हो सके और उसे देश के विकास के काम में लगाया जा सके।

मैं मंत्री महोदय और खास तौर से अपनी नेता, श्रीमती इन्दिरा गांधी, का शुक्रगुज़ार हूं कि मेरे क्षेत्र में सलीमपुर में एरोमैटिक्स काम्पलेक्स लगाने का फैसला किया गया है।

अभी 22 फरवरी को मैंने सवाल पूछा था जिसका उत्तर राज्य मंत्री, श्री गार्गी शंकर मिश्र जी ने दिया था। मैंने पूछा कि इस काम्पलेक्स का निर्माण कार्य कब तक शुरु होने की संभावना है तो उन्होंने बताया था :

(क) स्थल का चयन किया जा चुका है। राज्य सरकार द्वारा निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचनायें जारी की जा चुकी हैं, संभाव्यत : रिपोर्ट तैयार कर दी गई है और परियोजना के लिए एक कार्यकारी दल की स्थापना की जा चुकी है।

(ख) हरा क्षेत्र, नगर क्षेत्र और पुनर्वास प्रयोजनों के लिए क्षेत्र सहित लगभग 2000 एकड़ भूमि की अनुमानित आवश्यकता होगी। राज्य सरकार द्वारा निजी भूमि को अधिग्रहण करने के लिए अधिसूचनायें जारी की जा चुकी है।

(ग) संयंत्र क्षेत्र के लिए भूमि सर्वेक्षण एवं मिट्टी का परीक्षण पूरे कर लिए गए हैं। प्रोसेस लाइसेंसर्स का अभी चयन नहीं किया गया है।

(घ) इस काम्पलेक्स को पूरा करने में लगभग 5 वर्ष लगेंगे।

मैं यह कहना चाहता था कि अभी प्रोसेस लाइसेंसर्स का चयन नहीं किया गया हैं। यह क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से बहुत पिछड़ा हुआ है। मैं ऊर्जा मंत्रालय का तथा अपनी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी का बड़ा शुक्रगुज़ार हूं, उस क्षेत्र की जनता कोटि-कोटि धन्यवाद देती है कि उन्होंने इस पिछड़े हुए क्षेत्र में इतना बड़ा कारखाना दिया। माननीय मन्त्री जी से मेरा निवेदन है कि अभी प्रोसेस लाइसेंसर्स का जो चयन नहीं किया गया है, उस सम्बन्ध में जल्दी से जल्दी कार्यवाही करके उनका चयन कर दिया जाए। मैं माननीय मिश्र जी से और माननीय शिव शंकर जी से निवेदन कहूंगा कि वे प्रधान मन्त्री जी से सम्पर्क स्थापित करें तथा शीघ्र से शीघ्र इस कारखाने के काम्पलेक्स का उनके द्वारा शिलान्यास करा दें ताकि उस क्षेत्र की जनता में एक नयी उमंग पैदा हो सके। वह एक बहुत ही पिछड़ा हुआ इलाका हैं, सदियों से पिछड़ा रहा है, वहां पर इस कारखाने के द्वारा जहां एक ओर औद्योगिक विकास हो सकेगा, वहां दूसरी ओर गरीबी भी मिट सकेगी तथा बेरोज़गारी भी दूर होगी।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं तथा मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत अनुदान की मांगों का पुरजोर समर्थन करता हूं।

SHRI M. RAM GOPAL REDDY (Nizamabad) : Mr. Deputy Speaker, Sir, I congratulate the Hon. Minister for the excellent work that he has been doing, and he is lucky also; wherever he is putting his hand, he is getting oil. Once upon a time some countries remarked that there was no oil in this country....

MR. DEPUTY SPEAKER : I want to take him to Madras, so that wherever he puts his hand, water may come.

SHRI RATANSINH RAJDA (Bombay South) : He is lucky only as far as oil is concerned.

MR. DEPUTY SPEAKER : I do not want oil; I want water for Tamil Nadu.

(Interruptions)

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : It was Soviet Russia that said that India was sitting on a pot of oil, and today that has come true. Late Shri Malaviya embarked upon the project of setting up the Oil and Natural Gas Commission to explore Oil, and he was successful to some extent But his dreams are comping true and today we are having alomst half of our requirements...

AN HON. MEMBER : Not half.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : In a year or two, I think before 1985 we will meet 50 per cent of our requirements from our own resources. We should not be stingy in spending money for this purpose: we should be very liberal, and Parliament should give all the money which the Minister wants so that they may do good work.

Regarding Electricity Boards, there is a lot of criticism. The other day when the Minister was replying here, I interrupted and told him that so far as Electricity Boards were concerned, Andhra Pradesh was an exception. It is doing wonderful work. All the thermal projects are working to full capacity. The Chairman there is a hard task-master. At 3 O' Clock in the night he calls the officers and attends to work. He is on duty for almost 24 hours. I want the Chairman of other places also to learn a lesson from him. That Chairman has worked under Shri K.C. Pant.

He is Mr. Tata Rao and is from Madhya Pradesh, of course. At that time Mr. K.C. Pant was there. His services were appreciated and Andhra Pradesh has taken his services and he is doing very good work.

Regarding transmission losses, how are we going to reduce those losses ? If those losses are reduced, I think the country will almost become self-sufficient. As you said, water cannot be taken to different places but electricity can be taken to different places and also to places at high level or low level and there is no problem. That is why I request the Hon. Minister to see that the Sri Sailam Project in Andhra Pradesh is completed very soon. For small things some people in the Department are quarrelling. I want the Minister to personally see that the Sri Sailam project is completed before June and I think if it goes into full production, we will meet not only the full requirements of Andhra Pradesh but we can save and supply electricity worth Rs. 400 crores to Tamil Nadu and Karnataka. That will also solve your water problem. As you know, this is the cheapest way of producing electricity—that is hydel generation. This project is very near to Karnataka and Tamil Nadu and we can satisfy these two States.

Regarding generation of electricity in Himachal Pradesh, there are so many rivers there and once it was calculated that if about Rs. 1200 crores are spent, there will be enough of electricity to feed not only all the northern States but also Rajasthan. Why not we consider this and why not we spend Rs. 1200 crores from the Central Exchequer ? As you know, Sir, it is a hilly area and it is a small State which may not have the necessary resources to take up this gigantic work. After all it is an investment to create further wealth in the country. Therefore, I would plead very strongly with the Central Government to spare Rs. 1200 crores so that this project can be undertaken. Next to defence this should be given priority – that is energy to that our factories may be kept running round the clock, and to full capacity. Now most of our factories are not running to their full capacity and we are losing taxes on account of that. The factories are now run only upto 40 or 60% of their capacity and if they are supplied the requisite electricity and for all the 24 hours, then production will go up and national wealth will increase. Now they are run for 10 hours or 18 hours as in West Bengal and other places...

(Interruptions)

Yes, Sir, as our Acharya Rangaji says, it increases also the working costs.

Sir, we are in a position to supply cheap electricity to the people. Now I request the Minister to see that the backward areas get petrol pumps. Take our Medak District and other places. I have been suggesting to the Minister and his colleagues opening of more petrol pumps so that they may be dispersed all over the backward areas and people may not have to travel long distances to get petrol and diesel and it is made available at their own places.

Electricity must be supplied in full quantity to the agriculturists so that agriculture may not suffer for lack of electricity. If agriculture suffers then everything will suffer, including industry.

Nawadays there is a clamour for rice or wheat or foodgrains. If electricity is

supplied in full to our Kisans, they will work wonders as they have done in Haryana and Punjab.

In Haryana our Bansilalji of this House was mainly responsible for the prosperity of that State....

PROF. N.G. RANGA : Hear, hear.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : He was the man who has completed all the projects within the budget and within time and there is no parallel in the whole of our country and perhaps in other countries also that projects are completed on time and within the budget. There was a very good editorial – when he was the Minister, that is a different thing – but this editorial appeared when he was not in power. I have read one such editorial in the *Economic Tjmes* that Mr. Bansilal has done that. Now I want the present Ministry and Ministers also as also the State Ministers to see that all the projects are completed on time and within the budget. That is very important because the cost escalation will be there if the projects get delayed and that will ruin the economy of our country.

Then, Sir, I want to know whether the Central Government is in a position to exercise authority over the States. Unfortunately, the State Government of Adhhra Pradesh has reduced the allocation for irrigation and power.

That is very bad. I would like to know whether the Hon. Minister of Energy is going to advise the Chief Minister not to reduce the allocation on energy.

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PETROLEUM IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI GARGI SHANKAR MISHRA) : He will not listen to any-thing.

SHRI M. RAM GOPAL REDDY : Sir, the whole country looks to Parliament and the Central Government and, as such, Central Government is responsible for the maintenance of the good name of the country. That is why I want the Hon. Minister to advise. Of course, in our own way we will also tell him not to reduce allocation on energy.

Sir, when Dr. K.L. Rao was there and he went for inauguration of a thermal station he was sitting there and he immediately went to the place where coal was being passed. He picked up two stones from the coal and he rebuked everybody present there. After a few days what happened was that a few stones went into this thing and broken the knives and it was stopped for one or two months. That is why Maintenance Engineers must be very careful. When we cook our own food we are very careful and eliminate any foreign matter but in thermal projects we keep on putting anything that is available. With great effort we have set-up these thermal units and if their life gets reduced then what is the use. So, Sir, I want the Hon. Minister to visit the thermal plants and see how they are working—the concerned MPs will also accompany him – so that production of thermal electricity does not go down.

Then, Sir, the Hon. Minister should consult the State Governments and give Central assistance to such State Governments where the water that is flowing in those rivers does not go waste.

SHRI C. D. PATEL (Surat) : Mr. Deputy Speaker, Sir, I rise to support the Demands in respect of this Ministry. So far as this Ministry is concerned it is one of the most important Department, so far as all round development is coneerned. So far as certain Departments are concerned compliments have been paid but there are certain Departments where much is required to be done

Sir, so far as oil production is concerned it has risen by 31 per cent. The production was 13.12 million metric tonnes last year. Now, it has gone up to 18 million tonnes and it is going to be further increased to 23 million metric tonnes. Still, however, when we look to the deficit and balanee of payment position we find our major deficit is because of oil imports. So, we

are still required to accellerate the pace of oil exploration.

Sir, as far as coal is concerned the production for the last four to five years was pegged to 100 million tonnes. Now, it has risen to 112 million tonnes and so far as this year is concerned our target is 123 million tonnes. I think we will be able to reach the target so far as this year is concerned· So far as coal production is concerned we are lagging very much behind.

SHRI GARGI SHANKAR MISHRA : We have reached 130 million metric tonnes.

SHRI C. D. PATEL : It is very heart-tening to note that we have almost reached the target. Now so far as electricity is concerned, so far as that aspect of energy is concerned, we are lagging very much behind. One of the Hon Members who spoke pointed out that our target which was 20,000 M.W. has now been reduced to 14,000 M.W. So, we will bave to explore the non-conventional sourees like the solar energy, the tidal wave and the winds. I believe that on an experimental basis at Kutch shore, you have taken up a scheme along with the Gujarat Electricity Board and the Central Electricity Authority. On the basis of the experience gained it has to be stepped up and the ultimate results have to be obtained as early as possible. So far as solar aspect is concerned we are making good headway and good progress. But so far as the other aspects of the bio-gas, bio-mass and other things are concerned, we are required to take up those projects as early as possible so that production is achieved so as to meet our requirements.

Before I take up some of the projects in Gujarat because—I come from Gujarat. I would refer to one of the things which my colleague referred to regarding the oilfield and royality on crude oil. I know some of the views of the Energy Ministers. So far as royalty is concerned, I am not voicing my feeling only; I am really voicing the feelings of the entire State of Gujarat as well as the State of Assam too. So far as oil aspects are concerned and so far as royalty is concerned, the proprietary rights are vested with the States. The Centre has a right to extract the oil. Right of extraction is with the Centre, And the Centre sits in judgment and decides what royalty should be paid. My only request is this, that it must act very judiciously particularly because both the authorities are vested in one and the same authority. So, the well head price is required to be changed and it is to be brought to the market price. Resort is being taken under the provisions of the Oilfield (Regulation and Development) Act. But I feel that is very unfair and unjust. The price is now Rs. 1182 per metric tonne. This inerease in price was not accompanied by any increase in royalty. I think the people of Gujarat will be very much obliged if this issue is decided as early as possible. So far as Gujarat is concerned and this aspect of Electricity is concerned, there are many projects. I also share the feelings of my colleagues that the handling of this Ministry particularly by Mr Shiv Shankar has been very ably done. He is very efficient; and I am sure he will take up the matter very seriously and take a decision. I think he will be the person who will be dealing with this project very competenlty. One of the projects is the Gas-based Petro-Chemical Complex. The State Government made an application to the Government of India for setting up a Gas-based Petrochemical Complex in July 1979. Considerable preliminary preparations have also been undertaken. A corporation was set up to implement the project. Then there are financial constraints. I feel that the Centre can take it up jointly. My request is that the Government of India should take it up as possible. A Working Group to study the viability of the Gujarat complex was also set up. This has to be finalised as early as possible. Work should be taken up as early as possible. This is one of the issues.

Now, Sir, another issue is the Princing of RFO supplied to the Dhuvaran Power Station. I have written to the Ministry to finalise the issue and take it up as early as possible. So far as the Ministry is concerned, he would appreciate my plea because, at the initlal stages Dhuvaran Power Station

was designed to be coal-based. But when the ONGC made a proposal to the Gujarat Electricity Board to use the RFO left after the lighter distillaries are produced from the crude as fuel for Dhuvaran Power Station because the disposal of this residual product was posing a big problem for the Refinery.

Now, two more sets of 140 MW each at Dhuvaran were installed. The design which was finalised was that only RFO could be used as fuel. This was done at the instance of ONGC because of the problem of disposal of the by-product. Now, the prices of the RFO was so fixed that it was not economic and therefore the State Government had requested that it should be on the basis of coal equivalence. As far as fixing of prices is concerned, I believe that minor details are to be worked out. If at all the position is like that, I would request that the Government should take immediate decision in view of the power shortage. So, my only request to the Hon. Minister is that the Government should fix the price on coal equivalence basis.

Then, Sir, this Ministry may say that this particular issue involves transportation of coal by slurry pipeline. In that case, it is connected with other Departments too. It is a very ambitious project and it is under the study of the Government, but looking into the requirement of the particular State, that is, the Gujarat State, is concerned, the present annual requirement of coal for the power station in Gujarat is about 4.5 million tonnes. The present requirement of coal is likely to be doubled by the end of Sixth Five Year Plan. One cannot therefore rule out the possibility of major bottlenecks developing in the Railway transporation system in the future. The point I would like to submit here is that as against the present annual requirement of coal of 4.5 million tonnes, the actual receipt of coal ranges between 70 and 75%. In about 5 to 6 years, this requirement would be doubled, that is, about 10 million tonnes. So, we are going to face a major problem in future on the coal front. The Gujarat Electricity Board had requested M/s. Engineers India Ltd. to prepare a preliminary techno-economic feasibility study report to consider the possibility of slurry feasibjlity study report to consider the possibility of slurry pipeline for transportation of coal to major distant power houses This report has been presented to the Planning Commission in December 1980. In view of the difficulties likely to be faced by the State in getting adequate quantities of coal for its power and industrial requirements, I would request the Government that the study may be completed at a very early date.

Another point is also very important, that is, about the setting up of giant thermal power station in Madhya Pradesh. Now, Gujarat and Madhya Pradesh have mooted a joint proposal of setting up a power station in Madhya pradesh. They have prepared the feasibility reports in respect of super thermal power plants. In this context. the Chief Minister had addressed the Union Minister of Energy for allocation of 50% share of power from these Super Thermal Power Stations for Gujarat. Now, it is understood that though all the preliminary work has been completed, the Government of India have not cleared some of the projects like the one under reference on the ground that coal linkage was not available for these projects. Now, because of this decision of the Central Government, both the State Governments got a big jolt so far as the linkage is concerned. Now, so far as these projects are concerned, allocation could be switched over in such a way that these two projects are taken up for compeletion. It is felt that Singrauli coal reserves are among the largest in the world. So far as the linkages of coal for these power stations are concerned, there should be. on difficulty. Therefore, my humble request to the Hon. Minister is that he may take personal interest in this project so that this ambitious project may be taken upon a national basic.

Then, Sir, regarding import of power generation sets for Wanakbori Extension, I am for public undertaking. It is not because of a particular lobbying or pressure. The Gujarat Government has requested

for the import of these equipments. The Central Government has since been not allowing then to import these two equipments for Wanakbori Extension. I understand that the decision for import of these equipments is pending for long. We know that BHEL machinery is not inferior. But so far as Wanakbori extension is concerned, necessary, permission for import of these equipments was accorded. But the clearance is still pending with the Central Government. Because of this, we are very much lagging behind so far as the production of electricity is concerned. If permission for all the equipments is not possible, at least permission for the import of one set may be given immediately so that the power project at Wanakbori may be taken up immediately for installation.

Then, Sir, regarding allocation of power from Waidhan and Punch Power Stations, this issue has also been pending for long. I would request the Government to take immediate decision on this issue. The criteria for the allocation of power to various States are still to be fixed. I request that so far as the allocation of power to various States is concerned, the criteria may be worked out as early as possible.

There is another important point which I would like to touch, and that is about the request of the State Government of Gujarat for Bombay High gas for power generation. A proposal was submitted by the State Government some time in the year 1982 to the Union Petroleum Minister. According to the present indications, the production of associated gas in Bombay High is likely to be of the order of 12 to 13 MCMD per day by 1984. If new uses of this quantity of gas are not finalised immediately, it is likely that as much as 7 million cubic meters of gas will have to be flared up daily. I, therefore, urge upon the Ministry to consider this matter very seriously. The State Government has approached the Centre for allocation of this natural gas for power generation as a temporary measure.

Now, a number of fertilizer plants have been planned to utilise the natural gas, but many of such plants are not likely to go into operation before 1995; it is going to take a number of years. In view of this, my request to the concerned Ministry is that they may kindly allocate this natural gas to the State Government till that time.

It may not be out of place to mention here that the State is almost totally dependent on coal for power generation, and long haulage of coal has been a major constraint. Availability of coal linkage has also been a major problem in the finalisation of new power projects. Under the circumstances, a gas-based power station will be of considerable help.

Here, I may mention that even as early as May, 1979, the State Government had represented before the Satishchandra Committee for allocation of natural gas for power generation. However, while the Maharashtra's request in this regard was considered, Gujarat's demand has still not been accepted, even though a large quantity of gas is being flared up in the Bombay High.

It may be argued that the gas may not be available in the later part of the decade. If at all that is the case, it could be phased in such a way, and the gas could be used audiciously, and we can very well use it for about 10-15 years. This requires serious consideration.

Beides, there are a numebr of other issues which we have taken up with the Ministry. I would request the Hon. Minister for Energy to take them up seriously and favour us with a decision.

Before I conclude, I once again thank you, and support the Demands for the Ministry whole-heartedly.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) उपाध्यक्ष महोदय, यह जो एनर्जी की डिमान्डस यहां पर प्रस्तुत की गई है मैं उनका समर्थन करता हूं, मगर समर्थन करने के बाद यह निवेदन करना चाहता हूं कि अगर हमारे देश

को आगे बढ़ाना है तो मंत्री जी, इनफ्रास्ट्रक्चर बड़ा जरूरी है। देश को इंडस्ट्रियलाइज़ करने के लिये बिजली की पूरी पूर्ति होनी चाहिये। हमने छठी पंचवर्षीय योजना में 20,000 मेंगावाट का टारगेट रखा था, लेकिन ऐसा महसूस होता है कि 14,000 मेंगावाट पर भी नहीं पहुंच पायेंगे। नतीजा यह होगा कि जितनी कमी होगी उतना ही हमारा देश पीछे जायेगा, आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिये नितांत आवश्यक है कि मंत्री जी इस तरफ ध्यान दें कि बिजली ज़्यादा से ज़्यादा किन सोर्सेज़ पैदा कर सकते हैं और कैसे लोगों को उचित तरीके से सप्लाई कर सकते हैं। ऐसी व्यवस्था जब तक नहीं होगी तब तक हम माकूल तरीके से इस व्यवस्था को लागू नहीं कर सकेंगे।

मंत्री जी आपके पास 3,4 विभाग हैं। खासतौर से पेट्रोलियम पदार्थ के बारे में मुझे यह कहना है कि आपका ओ०एन०जी०सी० तो बढ़िया काम कर रहा है, मगर जो डिस्ट्रिब्यूशन सप्लाई सैक्शन है, ऐजेन्सीज़ हैं वह बिल्कुल थर्ड क्लास है।

उसका काम सबसे रद्दी है और व्यवस्था माकूल नहीं है। इसलिये उसकी तरफ पूरी तवज्जह देनी चाहिये। उसकी वजह से हमको बहुत बड़ा सैट-बैक है, हानि उठानी पड़ती है और गालियां सुननी पड़ती हैं।

वहां ऐसे गलत तत्व बैठे हुए हैं जो गलत लोगों को प्रोत्साहन देते हैं, हमारी खिलाफ पार्टी के लोगों को प्रोत्साहन देते है, पैसे लेकर गड़बड़ करते हैं और हर प्रकार के भयंकर घोटाले करते हैं।

इसी प्रकार से कोयले का महकमा है। इसमें भी हमारे भाई जो यहां बैठे हुए हैं, एक-आध इस समय यहां बैठे हैं, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उन्होंने कोयले में किस प्रकार से गड़बड़ की है ? 50 लाख टन कोयला यहां के ट्रेड यूनियन के लोग, ठेकेदारों के लोग मिलकर समग्लिंग करते हैं। ये हमारे साथी कोयला खा जाते हैं। हमारा 50 लाख टन कोयला ये लोग बर्बाद कर देते हैं। इनके बारे में तवज्जह देनी चाहिये। अगर ये लोग नेपाल, बंगला देश को इस तरह से कोयले की समग्लिंग करेंगे तो निश्चित तरीके से हमारा टारगैट पूरा नहीं होगा।

मेरा निवेदन है कि कोयले और बिजली के उत्पादन का टारगेट आप पूरा करें। पेट्रोलिलम पदार्थ जिनका उत्पादन आप कर सकते हैं, वह भी करें और उसका डिस्ट्रिब्यूशन भी आप ठीक करें।

(व्यवधान)

हमारे शास्त्री जी गलत बात करते हैं, इनकी तरफ ध्यान मत दीजिये।

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Vyas, how do you know the figures of 50 lakh tonnes unless you are aware of it ?

SHRI GIRDHARI LAL VYAS : I have told this so many times here. इनके खिलाफ यह आरोप है। मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि इनका सारा पार्टी कैडर कोयले की दलाली से चलता है।

श्री सत्य नारायण जटिया : और काले हाथ इनके हो रहे हैं।

श्री गिरधारी लाल व्यास : वहां हालत बहुत खस्ता है। उपाध्यक्ष महोदय, आप भी सरकार से कहिये कि यह 50 लाख टन कोयला

जो** पार्टी के लोग हैं वह यूनियन के तरीके से ठेकेदारों से मिलकर जो इस कोयले की गड़बड़ करते हैं, उसके रोकथाम करने की आवश्यकता है।

देश का पैसा देश के काम में आना चाहिये। जो विदेशों में विश्वास रखने वाले लोग हैं, उनको अगर ताकत मिलती है तो इससे हमारा देश कमजोर होगा। इसलिये इस व्यवस्था को मजबूत बनाया जाना चाहिये।

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Vyas Don't mention the name of any particular party. You can say it generally. Don't mention the name of any particular party. It is not proper.

SHRI GIRDHARI LAL VYAS : I have not mentioned any name. I have told you about the party.

MR. DEPUTY SPEAKER : You should not mention about the name of a party, whichever party it is.

श्री गिरधारी लाल व्यास : उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं अपने प्रश्न पर आता हूं।

राजस्थान में बिजली की बहुत भयंकर कमी है और इन मंत्री महोदय से कह-कहकर हम थक गये। 3 बरस से बराबर कहते आ रहे हैं, 2 साल और रह गये हैं, वह भी यो ही निकल जायेंगे। उसके बाद जब जनता के पास जायेंगे तो वह कहेगी कि आपने पार्लियामेंट में क्या किया ? बिजली भी नहीं दिलवाई। हम इनको कहते हैं तो यह सुनते नहीं हैं। हमारे सारे कल-कारखाने आज बन्द पड़े हैं, 4 हजार करोड़ सालाना का नुकसान हो रहा है बिजली न मिलने की वजह से।

आप इन मंत्री महोदय को कहें कि हमारे राजस्थान को पूरी बिजली दिलायें, हमारे साथ अन्याय हो रहा है, इसको समझना चाहिये।

हमको भाखड़ा, सतपुड़ा, सिंगरौली से जितनी बिजली मिलनी चाहिये, वह नहीं मिलती है। हिमाचल प्रदेश में नये-नये प्रोजेक्ट्स लगे हैं, उसमें भी हमारा हिस्सा होना चाहिये, वह हमें नहीं मिल रहा है। इस प्रकार की हालत हमारे राजस्थान की कर रखी है।

माननीय मंत्री जी ने कोटा के थर्मल पावर प्लान्ट के उदघाटन के सम्बन्ध में स्टेटमेंट दिया है कि वह 1-8-82 को चालू हो गया। मेरा कहना है कि पूरा प्लान्ट चालू ही नहीं हुआ, कमीशन्ड ही नहीं हुआ। उसके बारे में इस प्रकार के गलत आंकड़े डिपार्टमेंट के लोग देते हैं।

ये गलत आंकड़े देने वाले लोग हमारे राज्य के लिए कठिनाइयां पैदा कर रहे हैं। कोटा के थर्मल प्लान्ट को कमीशन होने में अभी दो, चार छः महीने लगेंगे, क्योंकि वहां सामान उपलब्ध नहीं हो रहा है। अगर वह प्लान्ट कमीशन हो गया है, तो बिजली कहां गई है और एग्रीकल्चर तथा उद्योग क्यों ठप्प पड़े हुए हैं ? मंत्री महोदय को ऐसी गलत रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए, ताकि वे भविष्य में ऐसी गलत रिपोर्ट पार्लियामेंट को न दें।

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Vyas, you are not reading from the report. You have not mentioned the project which has been reported as having been commissioned, but which has not been. Please read that.

**Not recorded.

Only then will the Minister be able to reply.

SHRI GIRDHARILAL VYAS : It is there at page 7 of the Report. It says under 'Thermal' :

"Kotah Unit—I...Rajasthan...17.1.1983"

MR. DEPUTR SPEAKER : Your contention is that it has not been commissioned.

श्री गिरधारी लाल व्यास : यह सब लिखा हुआ है। मैं ज़बानी बता रहा था। आपको विश्वास नहीं हो रहा था। मैं हाउस में कभी ग़लत बात नहीं कहता। मंत्री महोदय सम्बद्ध अधिकारियों के खिलाफ़ एक्शन लें कि उन्होंने पार्लियामेंट को यह ग़लत रिपोर्ट क्यों दी है।

जिन प्राजेक्ट्स के नाम मैंने बताए हैं, हमें उनमें से हिस्सा क्यों नहीं मिल रहा है। बिजली के मामले में राजस्थान की हालत सब राज्यों से खस्ता है। राजस्थान सबसे पिछड़ा हुआ प्रदेश है। हम गला फाड़-फाड़ कर चिल्लाते हैं, हम श्रीमती इन्दिरा गांधी और मंत्री महोदय की जय बोलते है, लेकिन हमें बिजली नहीं मिलती है। मंत्री महोदय हमें पूरी बिजली उपलब्ध कराएं, ताकि हमारे कल-कारखाने चलें मज़दूरों को रोज़ी-रोटी मिले और किसान अच्छी तरह खेती कर सकें। उपाध्यक्ष महोदय, आप भी इस बारे में हमारी सिफ़ारिश कीजिए।

आप मद्रास में पानी की कमी की बात करते हैं। हमारे यहां बीस-बीस किलोमीटर से पीने का पानी लाना पड़ता है। हमारे यहाँ हर परिवार को एक आदमी को बराबर पानी लाने के लिए रखना पड़ता है। अगर बिजली न मिलने के कारण वहां खाने और पानी की व्यवस्था न हो सकी, तो लोग भूख और प्यास से मरेंगे और इसके लिए भारत सरकार और मंत्री महोदय दोषी समझे जाएंगे, क्योंकि उन्होंने बिजली नहीं दिलवाई है। श्री राम सिंह यादव ने ठीक कहा है कि हमें 2 करोड़ 20 लाख यूनिट बिजली चाहिए, जबकि हमें सिर्फ 80 लाख यूनिट बिजली मिलती है। हमारे साथ यह भयंकर अन्याय हो रहा है। इस अन्याय को दूर करने के लिए सरकार को कुछ व्यवस्था करनी चाहिए।

हमारे यहां लिग्नाइट का बड़ा भंडार है। सारे देश में पलाना का लिगनाइट मशहूर है।

MR. DEPUTY SPEKER : Mr. Vyas how much more time do you require ?

SHRI GIRDHARILAL VYAS : I will continue tomorrow.

MR. DEPUTY SPEAKER : Okay. The House now stands adjourned, to meet at 11 a.m. tomorrow.

18.00 hrs.

The Lok Sabha then adjourued till eleven of the clock on Wednesday, April 6, 1983/ Chaitra 16, 1905 (Saka).

———